# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–229 । सागर, रविवार, 8 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



कॉलेज को लेकर एनएसयूआई और अभाविप आमने-सामने पृष्ठ 3

▪ फिल्म 'स्वामी' : गणेश आचार्य
▪ वाह से आह तक : प्रमोद ताम्बट के व्यंग्य पृष्ठ 4

▪ मुरम का उत्खनन करते वनकर्मियों ने ट्रैक्टर पकड़ा पृष्ठ 7

परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी को लेकर कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने बीना-मालथौन रोड़ पर किया चक्काजाम पृष्ठ 8


## एशियाई खेल : भारत ने पहली बार सौ से अधिक पदक जीतकर रचा इतिहास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने एशियन खेलों में पहली बार 100 से अधिक पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इन खेलों में उसने 28 स्वर्ण पदक सहित 107 पदक जीते हैं।

भारत की महिला कबड्डी टीम ने फाइनल में चीनी ताइपे को हराकर 100वां पदक दिलाया था। इस टीम ने रोमांचक मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय टीम के लिए शनिवार की सुबह अच्छी रही। उसने तीरंदाजी में भी 2 स्वर्ण पदक जीते। इसके साथ ही एक रजत और कांस्य पदक भी हासिल किया। इससे पहले भारत ने क्रिकेट, हॉकी, स्क्वैश, जैवलिन और शूटिंग समेत तमाम खेलों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं।

### भारत ने 28 स्वर्ण सहित 107 पदक जीते

एशियाई खेलों में भारत ने 28 स्वर्ण सहित 107 पदक हासिल किए हैं। भारत को ऐश्वर्य तोमर, रुद्रांक्ष पाटिल और दिव्यांश पंवार, 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट (शूटिंग) में स्वर्ण पदक दिलाया था. इसके बाद महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक हासिल किया। दिव्यकीर्ति सिंह, हृदय विपुल छेड, अनुश अग्रवाल और सुदीप्ति हजेला ने ड्रेसेज टीम स्वर्ण पदक जीता। वहीं मनु भाकर, ईशा सिंह, रिदम सांगवान ने 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। सिफ्त कौर सामरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (शूटिंग) में स्वर्ण्ज्ञ पदक, अविनाश साबले ने स्टीपलचेज में और तेजिंदर पाल तूर ने शॉट पुट में स्वर्ण्ज्ञ पदक अपने नाम किए।

### पदक तालिका में भारत चौथे नंबर पर

पदक तालिका भारत फिलहाल में चौथे नंबर पर है. भारत ने 107 पदक जीते हैं. इस सूची में चीन पहले नंबर पर है. चीन ने 356 पदक हासिल किये हैं। उसने 188 स्वर्ण, 105 रजत और 63 कांस्य पदक जीते हैं। जापान दूसरे नंबर पर है. जापान ने 47 स्वर्ण के साथ 169 पदक जीते हैं. कोरिया तीसरे नंबर पर है. कोरिया ने 36 स्वर्ण, 50 रजत और 86 कांस्य पदक हासिल किए हैं।

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने दी बधाई

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई खेलों में भारत के शानदान प्रदर्शन पर खिलाड़ियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने इन खेलों में सौ से अधिक पदक हासिल करने पर भारतीय खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इन खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने अपने समर्पण और कौशल से जो उपलब्धियां हासिल की हैं वह गर्व की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। श्री मोदी ने ट्वीट कर कहा कि भारत के लोग इस बात से गौरवान्वित हैं कि हम सौ से अधिक पदक जीतने की उल्लेखनीय उपलब्धि तक पहुंच गए हैं। मैं अपने अभूतपूर्व खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देता हूं।

### शिवराज ने खिलाड़ियों को दी बधाई, कहा- यह गौरवशाली क्षण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए भारतीय खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। श्री चौहान ने कहा कि यह ऐतिहासिक और गौरवमयी क्षण है, भारतीय खिलाड़ियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए इस बार 100 पार की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। भारतवासियों का यह सपना भारतीय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और जुनून से साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों का यह कीर्तिमान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

### सुबह हमास ने 5 हजार रॉकेट दागे, हमलों का इजराइल ने दिया जवाब

## गाजा में बमबारी से 160 की मौत

### 40 इजराइलियों की जान गई





**तेल अवीव, एजेंसी।** हमास के हमलों के जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी में उनके 17 सेना परिसरों और 4 सेना मुख्यलयों पर हमले का दावा किया है। इसमें अब तक 160 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है, जबकि 1 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं।

अलजजीरा के मुताबिक 1000 से ज्यादा फिलिस्तीनी इजराइल में घुस गए हैं। 1948 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। वहीं, सुबह हमास की तरफ से दागे गए 5 हजार रॉकेट से अब तक 40 इजराइलियों की मौत हुई है और 750 घायल हैं। गाजा स्ट्रिप से हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग का ऐलान किया था। कैबिनेट के साथ इमरजेंसी मीटिंग के बाद उन्होंने कहा था- ये जंग है और हम इसे जरूर जीतेंगे। दुश्मनों को इसकी कीमत चुकानी होगी। दूसरी तरफ इजराइल में बिगड़ते हालातों के बीच इंडियन एम्बेसी ने वहां मौजूद अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें सतर्क और सुरक्षित रहने को कहा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि मुश्किल घड़ी में भारत इजराइल के लोगों के साथ है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने इजराइल के साथ एकजुटता दिखाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल में आतंकवादी हमलों पर गहरा दुख जताया है और इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता व्यक्त करने के साथ ही निर्दोष पीड़ितों एवं उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा सदमा लगा। हमारी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। हम इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े हैं।'

### मुख्यमंत्री ने रवाना किए चलित रसोई केन्द्र

## गरीबों को 4 शहरों में 5 रूपए में मिलेगा भरपेट भोजन



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट पार्क से चलित दीनदयाल रसोई केंद्र झंडी दिखाकर रवाना किए। ये चलित केंद्र भोपाल और अन्य शहरों के उन स्थानों पर जाकर श्रमिकों और अन्य जरूरतमंद लोगों को पाँच रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध करवाएंगे, जहां ये लोग कार्य करते हैं। प्रदेश के अन्य नगरों में भी चलित केंद्र संचालित किए जायेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस योजना के प्रारंभ करने के दो प्रमुख उद्देश्य हैं। एक यह कि रियायती दर पर गरीब व्यक्ति को भोजन मिल सके, दूसरा प्रवासी श्रमिक और अन्य जरूरतमंद नागरिकों को कार्य स्थल के नजदीक भरपेट भोजन की सुविधा मिल सके। इस व्यवस्था से ऐसे मजदूर जो गांव से शहर आकर जीविका चलाते हैं, उन्हें अधिक राशि और समय खर्च किए बिना उनके काम करने की जगह पर ताजा भोजन उपलब्ध हो जाएगा।




## सार-समाचार

### मद्य निषेध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**राहतगढ़, देशबन्धु।** शास. महाविद्यालय में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण भोपाल के निर्देशन में मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत संस्था के प्राचार्य डॉ. चंदन सिंह सागर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम प्रभारी श्रीकांत रिंगे ने बताया कि 2 से 8 अक्टूबर तक चलने वाले इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नशा न करने के प्रति लोगों को जागरूक करना, नशे से दूर रहने को लेकर एक व्याख्यान माला आयोजित की गई। नशे के प्रकार और दूर रहने के उपायों पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रदीप यादव ने कहा आज पंजाब, मप्र, राजस्थान आदि की महिलाएं तक नशे के प्रति घर समाज को जागरूक कर रही हैं। डॉ. भरत पटेल ने कहा कि नशा शरीर को, व्यक्ति को, समाज को नष्ट करता है। अंजुलता गोस्वामी ने कहा कि नशा व्यक्ति और समाज को एकमात्र बर्बाद करता है। डॉ. ऋतु व्यास ने कहा कि हमे जागरूक होकर दूसरे को भी जागरूक करना है। इसी तारतम्य में महाविद्यालय के विद्यार्थियो और शिक्षको ने जागरूकता फैलाने रैली निकाली।

### मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी हेतु चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान



**बीना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी हेतु संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही ऐसे मतदान केंद्र जहां पर कम मतदान हुआ था उनमें विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रिटर्निंग ऑफिसर देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक है। अत: आगामी विधानसभा निर्वाचन में सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। इस अवसर पर उन्होंने हॉट बाजार परिसर में उपस्थित सभी मतदाताओं को शपथ दिलाई। थाना परिसर में नगर निरीक्षक भरत सिंह ठाकुर द्वारा उपस्थित मतदाताओं की मानव श्रृंखला बनाकर मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. एमएल सोनी, आरके जाटव, केके जैन, नगर पालिका बीना से कमल अहिरवार, रजनीगंधा, अनिल पंथी, उपेन्द्र जहार सिंह, राजेश पाल रामचरन सहित मतदाता उपस्थित थे।

### धर्म एवं संस्कृति को आत्मसात करने की आवश्यकता है: यशोदानंदन दास



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस लाइन स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में पितृ पक्ष के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा हो रही है। प्रथम दिवस शनिवार को कलश यात्रा के बाद कथा व्यास पं. यशोदानंदन दास ने कथा में कहा कि ईश्वर की भक्ति, संकीर्तन आत्मिक सुख प्रदान करते है। सांसारिक भोग अल्प समय के होते है और कुछ समय बाद खत्म हो जाते है। जीवंत सुख ईश्वर की शरण प्राप्ति है। संसार में लोग तन, मन, धन से दुखी है। धार्मिक कार्यों के प्रति महिलाओं का सबसे ज्यादा योगदान रहता है। धर्म का आचरण आसान नहीं होता है कई अड़चने आती है। सतमार्ग पर चलने वाले का उत्थान निश्चित है, धर्म करने से बुद्धि, मन पवित्र होगा। श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। धर्म एवं संस्कृति को आत्मसात करने की आवश्यकता है जिससे समाज और देश का उत्थान होगा। कथा के यजमान पुलिस लाईन निवासी सत्य प्रकाश सिंह है। इस अवसर पर भक्तो ने कथा का श्रवण किया।

### अजाक्स अंशकालीन सफाई कर्मचारियों ने भोपाल में किया एक दिवसीय प्रदर्शन



**सागर, देशबन्धु।** अजाक्स अंशकालीन सफाई कर्मचारियों की मांगों को लेकर खेल परिसर के पास चल रही सात दिन से अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन के अगले चरण में आठवे दिन सभी सफाई कर्मचारी भोपाल शाहजानिया पार्क में अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री एवं आयुक्त जनजाति कार्य विभाग को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि आदिम जाति कल्याण विभाग व शिक्षा विभाग के छात्रावासों में अंशकालीन सफाई कर्मचारियों को पूर्णकालीन कलेक्टर दर का वेतन दिया जावे एवं दस वर्ष पूर्ण कर चुके सफाई कर्मियों को अन्य पद जैसे रसोईया, वाटरमेन, चौकीदार के पद पर नियमित किया जावे एवं साप्ताहिक अवकाश दिया जावे। 12 माह का वेतन दिया जावे एवं सामूहिक जीवन बीमा का लाभ दिया जाए। ज्ञापन एवं एक दिवसीय प्रदर्शन करने वालों में विनोद वट्टी जिलाध्यक्ष भोपाल, गजेन्द्र बोहत जिलाध्यक्ष अजाक्स, विजय कुमार वाल्मीकि, प्रांतीय अध्यक्ष अंशकालीन सफाई कर्मचारी प्रकोष्ट, मनीष पथरोल, सचिन करोसिया, नरेश बाल्मीकि एवं अनेक अजाक्स के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष सदियों में एक बार ही जन्म लेते हैं: प्रो. प्रशांत लेले




**सागर, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद के विचार दर्शन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वागत भाषण संस्था के संस्थापक कुलपति डॉ. अनिल तिवारी द्वारा दिया गया। आपने कहा की स्वामी विवेकानंद भारत में पैदा हुए महापुरुषों में से एक हैं अपने महान कार्यों द्वारा स्वामी जी ने पाश्चात्य जगत में सनातन धम, वेदों तथा ज्ञान शास्त्रों को काफी ख्याति दिलाई और विश्व भर में लोगो को अमन व भाई चारे का सन्देश दिया। स्वामी जी के जीवन से हमें यह सीख मिलती है की लम्बे समय तक लोगों के दिलों में जीवित रहने के लिए आयु का लम्बा होना अनिवार्य नहीं है, स्वामी जी ने इतनी अल्प आयु में इतने महान विचार रखते हुए महान कार्य किए की आज भी वे हमारे बीच जीवित समान हमारे प्रेरणाश्रोत हैं, संस्था के उप कुलपति डॉ. नीरज तोपखाने ने कहा की स्वामी विवेकानंद सच बोलने वाले एक अच्छे विद्वान होने के साथ साथ एक अच्छे खिलाडी भी थे, वे बचपन से ही धार्मिक प्रकृति वाले और परमेश्वर की प्राप्ति के लिए परेशान रहते थे, स्वामी जी एक सच्चे गुरु भक्त भी थे क्यों की तमाम प्रसिद्धि पाने के बाद भी उन्होंने सदैव अपने गुरु को याद रखा और राम कृष्णा मिशन की स्थापना कर अपने गुरु का नाम रोशन किया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता पुणे से पधारे प्रो. प्रशांत लेले प्राध्यापक मुक्त औधौगिक प्रशिक्षक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष सदियों में एक बार ही जन्म लेते हैं जो अपने जीवन के बाद भी लोगों को निरंतर प्रेरित करने का कार्य करते हैं, यदि हम उनके बताये हुए मार्गों पर चलते हैं और उनकी बातों पर अमल करते हैं तो हम समाज से हर तरह की कट्टरता और बुराई को दूर करने में सफल होंगे, स्वामी जी का जीवन हम सबके लिए एक सीख है, उनके प्रेरणादायक भाषणों का आज भी देश के युवाओं द्वारा अनुशरण किया जाता है, स्वामी जी ने अपनी माता से आत्म नियंत्रण सीखा और ध्यान में विशेषज्ञ बन गए। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक जैन द्वारा किया गया, कार्यक्रम का आभार ज्ञापन अन्तिमा शर्मा द्वारा दिया गया।

### सरोज सिंह ने मालथौन में सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन किया




**मालथौन, देशबन्धु।** जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज सिंह ने मालथौन के वार्ड क्र. 2, 3, 7 एवं 8 में मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा स्वीकृत 4 सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। मुख्य अतिथि सरोज सिंह ने कार्यक्रमों मे कहा कि खुरई विधानसभा क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए पहले मालथौन, बरोदियाकलां एवं बांदरी को नगर परिषद बनाया गया था। आज बरोदिया नौनागिर को भी नगर परिषद बनाने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस बड़ी उपलब्धि के साथ ही बरोदिया नौनागिर के नगर परिषद में आने वाले क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो गया है। मालथौन, बांदरी व बरोदियाकलां की तर्ज पर यहां अब तेजी से विकास होगा। 4 सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन करते हुए सरोज सिंह ने कहा कि मंत्री श्री सिंह द्वारा खुरई विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया गया है। इसी क्रम में मालथौन के 4 वार्डों में सामुदायिक भवनों का भूमिपूजन किया गया है। जब यह सामुदायिक भवन बनकर तैयार हो जाएंगे, तो यहां लोगों को शादी, विवाह और सामाजिक कार्यक्रम करने के लिए व्यवस्थाएं नहीं जुटानी पड़ेंगी।

## मंत्री प्रतिनिधि ने किया 21.73 करोड़ रूपए के मकानों का लोकार्पण

**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री प्रतिनिधि लखन सिंह ने खुरई में बायपास रोड पर बनी हाऊसिंग बोर्ड की कॉलोनी का लोकार्पण किया। उन्होंने रानी अवंतीबाई वार्ड जरवांस में सीसी रोड निर्माण कार्य एवं धरमपुर के ग्राम पाली में पाली से रारोन मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, जिसकी कुल लागत 74.77 लाख है। पिछले पंचवर्षीय में खुरई विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ है। मंत्री भूपेन्द्र सिंह की दूरदर्शी सोच के कारण आज क्षेत्र की तस्वीर बिल्कुल बदल चुकी है। उन्होंने भाजपा एवं मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा कराए गए विकास कार्यों को विस्तार से बताया।



### खुरई आईडल का समापन प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित

पं. केसी शर्मा स्कूल में मंत्री भूपेन्द्र सिंह के निर्देश पर 6 दिवसीय खुरई आईडल का आयोजन किया गया। आयोजन में 4 दिन चले ऑडिशन में 380 प्रतिभागियों में से 78 प्रतिभागी सेमी फायनल में चुने गए, इन 78 में से 21 प्रतिभागी फायनल के लिए चुने गए। शुक्रवार को इसका फायनल सिंगिग कॉपीटीशन महाकाली शेड में आयोजित किया गया। मंत्री प्रतिनिधि ने प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन नितिन पटैरिया ने किया।

### बरोदिया नोनगर नवगठित नगर परिषद के रूप में अस्तित्व में आई

#### कुल 24 ग्राम नगर परिषद में शामिल, मप्र अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित

**सागर, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र की जनता से किए हुए वायदे के अनुसार बरोदिया नोनगर को नगर परिषद बनाने की अधिसूचना जारी कर दी है। मप्र के राजपत्र में 6 अक्टूबर को नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित कराई गई अधिसूचना क्र. 24 के अनुसार बरोदिया नोनगर अब नवगठित नगर परिषद के रूप में अस्तित्व में आ चुकी है। इसमें 10 ग्राम पंचायतों के कुल 24 गांव शामिल किए गए हैं। अधिसूचना के अनुसार बरोदिया नोनगर का कुल क्षेत्रफल 11090.44 हेक्टेयर है। बरोदिया नगर परिषद की अधिसूचना जारी होने की खबर क्षेत्र में मिलने पर बरोदिया नोनगर सहित अनेक ग्रामों व खुरई में आतिशबाजी व मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई गईं।

### चितौरा और नरयावली तक चलेगी सिटी बस, विधायक लारिया ने दिखाई हरी झण्डी



**सागर, देशबन्धु।** अब नरयावली एवं चितौरा तक नगर परिवहन सेवा सिटी बस चलाई जाएगी। विगत दिनों ग्रामीणों की मांग पर विधायक प्रदीप लारिया ने जिला प्रशासन को नगर परिवहन सेवा सिटी बस नरयावली एवं चितौरा तक चलाने की मांग की थी। जिसके बाद यह परिवहन सेवा शनिवार से शुरू कर दी गई है। शनिवार को विधायक प्रदीप लारिया ने ग्राम चितौरा में नगर परिवहन सेवा सिटी बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया और स्वयं ने यात्रियों के साथ बस की सवारी भी की। उक्त बस शुरू हो जाने से ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक लारिया का आभार जताया।

## जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारी का शपथ ग्रहण एवं मिलन समारोह संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** वंदे मातरम गान से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में सभी नवनियुक्त पदाधिकारी ने संगठन की मजबूती के साथ 2023 के विधानसभा चुनाव में कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाने की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विश्वविद्यालय के डॉ. राकेश शर्मा ने भाजपा की नीतियों पर और संघ पर जमकर निशाना साधा कांग्रेस की विचारधारा को देश की विचारधारा बताते हुए उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो संविधान के अनुसार चलने का काम करती है और आम गरीब की पार्टी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण मिश्रा गोटू पूर्व अध्यक्ष नगर सुधार न्यास ने भी पुराने संस्मरणों को याद किया और कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता यदि प्राण से जुट जाएगा तो सरकार बनने में देर नहीं लगेगी, चुनाव की चुनौती को कैसे डटकर मुकाबला किया जाये की जानकारी बीएलए की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला, कैलाश सिघाई दाऊ ने अपने संबोधन में संगठन में मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं को संबोधन में ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार ने कहा कि हम सब मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ की अनुशंसा पर आप सबको जिला कांग्रेस में स्थान मिला है सभी वर्गों का समावेशीकरण करने का प्रयास इस कार्यकारिणी में किया गया है, उन्होंने संगठन की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बात रखी और सभी विधानसभा क्षेत्र में मंडलम, सेक्टर बीएलए बूथ कमेटी के गठन संबंधी बातों को कार्यकर्ताओं के साथ साझा किया, बंडा विधायक तरवर सिंह लोधी ने कहा कि आगामी चुनाव में कमलनाथ के नेतृत्व में मप्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी हर एक कार्यकर्ता का सम्मान रखा जाएगा इसके लिए संगठन और हम सब मिलकर लड़ाई लड़ेंगे, 18 महीने की कमलनाथ की सरकार भाजपा की 18 साल की सरकार पर भारी है क्योंकि जो वायदा कमलनाथ करते हैं उसे निभाने का काम भी रहा करते हैं, पूर्व विधायक सुनील जैन ने अपने संबोधन में सभी से एक जुटता एवं मजबूती के साथ संगठन में काम करने के लिए बात कही उन्होंने आनंद अहिरवार के कार्यकाल की तारीफकी और इस कार्यक्रम के लिए बधाई दी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कमलनाथ पर जनता को भरोसा है और आज जो भी वातावरण कांग्रेस के पक्ष में दिख रहा है इसका कारण कमलनाथ की कार्यशैली है निश्चित रूप से सरकार बनेगी, इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस जनों का शाल श्रीफल और तिलक लगाकर सम्मान किया गया बहुत दिनों बाद ऐसा अवसर प्राप्त होने से सभी कांग्रेस जन खुश थे।

### अशोक सिंह ने 40 लाख के विकास का किया लोकापर्ण, पट्टे वितरण किए




**मालथौन, देशबन्धु।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अशोक सिंह ने मालथौन के ग्राम नीमखेड़ा, कन्नखेडी, गोदूविजयपुरा में 40 लाख रुपये विकास कार्यों का लोकार्पण किया एवं अनेक कार्यो का भूमिपूजन किया। मालथौन नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 9 और 12 में मुख्यमंत्री भू अधिकार अंतर्गत गरीबो को पट्टे वितरण किए। वितरण के पूर्व अशोक सिंह का वार्डवासियों ने स्वागत किया। उन्होंने इस मौके पर वार्डवासियों को संबोधित किया। मौके पर नागरिकों की जन समस्याओं को सुनकर अधिकारी व कर्मचारियों को मौके पर ही निराकरण की निर्देश दिए।

### रंजोर सिंह बुंदेला ने भाजपा से दिया इस्तीफा, बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ेंगे बुंदेला

**शाहगढ़, देशबन्धु।** सागर जिले की बंडा विधानसभा से भाजपा को बड़ा झटका लगा है, बीजेपी के वरिष्ठ नेता रंजोर सिंह बुंदेला ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और उन्होंने बंडा विधानसभा से बहुजन समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर उन्होंने चुनाव लड़ने का ऐलान किया है, भूपेंद्र सिंह के करीबी रहें पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कुंवर रंजोर सिंह बुंदेला तीन पंचवर्षीय से बंडा विधानसभा से भाजपा पार्टी से दावेदारी पेश कर टिकट की मांग कर रहे थे। विगत कई वर्षों से जनता के बीच पहुंचने वाले बुंदेला ने जनता से रूबरू होकर उनकी मौखिक स्वीकृति के बाद ही उन्होंने भाजपा से नाराज होकर उन्होंने इस्तीफे का ऐलान किया।

## लव-कुश मन्दिर एवं सामुदायिक भवन निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नगर पालिका मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 1 सेमरा बाग में लव-कुश मंदिर निर्माण एवं सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन विधायक प्रदीप लारिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार कुशवाहा समाज के पदाधिकारी, विजय गौतम के द्वारा एवं सभी पार्षदो की उपस्थिति में किया गया एवं अन्य विकास कार्यों जैसे सीसी रोड, नाली निर्माण, नाला निर्माण आदि का भी भूमिपूजन किया गया। लगभग 10 करोड़ की लागत से तैयार होगा मंदिर एवं सामुदायिक भवन। कार्यक्रम में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद मकरोनिया क्षेत्र अंतर्गत 18 वार्ड से 18 कलशो मे रखकर लाई गयी मिट्टी का पूजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रदीप लारिया ने की। कार्यक्रम में नंदराम कुशवाहा, नारायण कुशवाहा, कपिल कुशवाहा, बलवंत सिंह ठाकुर, राजा रिछारिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रीता कैलासिया, उपयंत्री अमन जैन, महादेव सोनी, राजकुमार गुप्ता, नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### अब तो गांधीजी, सद्गुणों का पर्याय होकर, देशवासियों में गांधी-रक्त-कण के रूप में रच-बस गयें हैं: बख्शी

**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच विगत 30 वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ 177 वीं साप्ताहिक गोष्ठी, संयोजक साहित्य संत मणीकांत चौबे के संयोजकत्व तथा साहित्यकार व मिशन संतोष क्रांति के संस्थापक कृष्णकांत बख्शी की अध्यक्षता में काव्य धारा प्रवाहित हुई। गोष्ठी के पूर्व संचालक डॉ. नलिन जैन ने संचालन शुरू करते हुए, सागर से कवि मणिदेव ठाकुर को वंदना के लिए आमंत्रित किया और गोष्ठी प्रारंभ हुई। अध्यक्ष कृष्णकांत बख्शी ने गांधी जयंती पर गांधीजी को स्मरण करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि गांधी-अहिंसा-आजादी ये तीन शब्द सत्य-शिव-सुंदर की भांति हर भारतीय के डीएनए में समाहित हैं। ये तीन शब्द, गांधी जीवनी एवं भारतीय आजादी की संक्षिप्ततम प्रस्तुति है। गांधीजी आज इतिहास के पन्नों से बाहर, मानव जीवन हित सदाचार का प्रारुप बन गये है। मेरी कल्पना शक्ति कहती है कि गांधीजी अब मानव रक्त में तीसरे घटक, गांधी-रक्त- कण के रूप में समाहित हैं यह रक्त कण सत्य अहिंसा ईमानदारी संतोष आदि सकारात्मक गुणों का उत्प्रेरण तो ईर्ष्या द्वेष, लालच, भ्रष्टाचार आदि नकारात्मकता का विनाशक है तथा मन: शांति व प्रसन्नता का कारक होकर सहायक है। संयोजक मणीकांत चौबे ने काव्यपाठ करते हुए कहा इस पीढ़ी को फर्ज है, उस पीढ़ी को मान। जितनों तुमसे हो सके, उनको कर गुणगान। दोरे कागोर काढे, पुरखा लेय बुलाय। पैल उने पानी दियो, फिर भोजन करवाय। गोष्ठी में विभिन्न प्रांतो से आमंत्रित कवियो ने काव्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी। संगोष्ठी में साहित्य मनीषी व प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे और कवियों का उत्साहवर्धन किया और गोष्ठी के संयोजक मणीकांत चौबे बेलिहाज ने आभार व्यक्त किया।

### प्रत्येक क्षण होश पूर्वक जियो, हर क्रिया को विवेक पूर्वक करो ताकि पाप का बंध ना हो: मुनिश्री

**मकरोनिया, देशबन्धु।** जो व्यक्ति कार्य करने के पहले अच्छी तरह से विचार करता है वह बहुत बुद्धिमान है, लेकिन जो बिना विचारे कार्य करते हैं उन्हें जीवन भर पछताना पड़ता है। मुनिश्री ने कहा शुभ प्रवृत्ति हमारे जीवन में शुभ का कारण बनती है और अशुभ प्रवृत्ति से जीवन का पतन होता है। शुभ प्रवृति से पुण्य और अशुभ प्रवृति से पाप का बंध होता है। यह क्रम चौबीस घंटे चलता रहता है। प्रत्येक क्षण होश पूर्वक जियो, हर क्रिया को विवेक पूर्वक करो ताकि पाप का बंध ना हो। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा कि मन वचन काय से ही कर्म बंधते हैं और इसी से ही कर्म कटते हैं। मन वचन काय से श्रेष्ठ कृत्य करो। परिवार में प्रेम व्यवहार रखो। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया मुनि संघ का मंगल विहार शनिवार को अंकुर कॉलोनी से दीनदयाल नगर के लिए हुआ। मुनि संघ की आहारचर्या भी यहीं पर संपन्न हुई। दोपहर में मुनि संघ का मंगल विहार तपोवन तीर्थ के लिए हुआ। आज श्री तपोवन तीर्थ में मुनि संघ के सानिध्य में प्रात: 7 से अभिषेक शांतिधारा, भक्तामर विधान, मंगल प्रवचन एवं क्षमा वाणी कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 से 1 तक आयोजित किया गया है।

### विश्व के सर्वश्रेष्ठ 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के 4 शिक्षक शामिल



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के 4 शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की 2023 की सूची में स्थान मिला है। स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय, अमेरिका और एल्सिवियर पब्लिशर्स द्वारा हाल ही में दुनियाभर के 2 प्रतिशत सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों की सूची जारी की गई है जिसमें डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के चार शिक्षक शामिल हैं। इस सूची में फार्मेसी विभाग के प्रो. एसपी व्यास, प्रो. संजय कुमार जैन, माइक्रोबायोलोजी विभाग के प्रो. नवीन कानगो और क्रिमिनोलॉजी एवं फोरेंसिंक साइंस विभाग की डॉ. वंदना विनायक शामिल हैं। इस सूची के अनुसार विज्ञान के 22 क्षेत्रों और 174 उपक्षेत्रों से संबंधित वैज्ञानिकों का डाटाबेस तैयार किया जाता है जिसमें उन वैज्ञानिकों को शामिल किया गया जिनके साल भार में कम से कम पांच शोध पत्र प्रकाशित हैं।

## गांव का पैसा गांव में और शुद्ध उत्पाद सभी को मिलेंगे: दीपक माथुर

### सूक्ष्म एवं मध्यम खाद्य प्रसंस्करण व्यवसाय के लिए 74 आवेदन हुए जमा



**शाहगढ़, देशबन्धु।** कैरीतास इंडिया के सहयोग से साफबिन परियोजना के अंतर्गत स्टेक होल्डर जिला किसान मंच व लघु सीमांत किसानों की संयुक्त बैठक हुई, बैठक में करीब डेढ़ सौ से अधिक किसानों ने भाग लिया। उद्यानकी विभाग के हर्षदीप यादव, जिला समन्वयक डीआरपी दीपक माथुर के मुख्य आतिथ्य में हुई बैठक में आजीविका मिशन बीएम सहायक, ब्लॉक समन्वयक, संतोष पटेल सरपंच हनुमानटोरा आदि उपस्थित थे। शुभारंभ पीईए साफबिन संजीव तिवारी द्वारा किया गया। बैठक में ट्रायल डिजाइन जलवायु अनुकूलित कृषि आदि पर चर्चा की गई, साथ ही साथ पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन है इसको अधिकारियों द्वारा विस्तारित जानकारी दी गई, जिससे हितग्राही को कहीं परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के सूक्ष्म एवं मध्यम खाद्य प्रसंस्करण व्यवसायों के लिए प्रारंभ की गयी जिसमें आलू चिप्स 6, मसाला उद्योग, 11 दाल मिल, 11 आटा मिल 3, बरी पापड़ 8, डेयरी उत्पाद 9, तेल मिल 4, सब्जी उत्पाद 3, पशु आहार 5, चावल उत्पाद 3, नमकीन 1 ऐसे कुल 74 आवेदन फॉर्म जमा हुए। इस योजना में 35 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है उक्त जानकारी देते हुए डीआरपी दीपक माथुर ने कहा कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हेतु यह योजना अत्यंत सार्थक है, देनिक जीवन में बाहर से खरीदे हुए खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं, यदि गांव स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण की छोटी छोटी यूनिट शुरू हो जाएं तो गांव का पैसा गांव में और शुद्ध उत्पाद सभी को मिलेंगे, यह योजना खाद्य पदार्थों से जुडी योजना है, जिसका कच्चा माल हर किसान के पास गांव में आसानी से उपलब्ध है, हितग्राहियों को योजना के सभी पहलुओं पर जानकारी देते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए तथा योजना आवेदन के लिए मार्गदर्शन किया। संचालन संजीव तिवारी ने किया।

## सार समाचार

### हाइवे पर मिला भारी अजगर



**हरपालपुर, देशबन्धु।** अलीपुरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत करारागंज गांव में झाँसी-खजुराहो फोरलेन के किनारे शनिवार को एक भारी-भरकम अजगर सांप मिला जिसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग ने अजगर का रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया है। अलीपुरा वन परिक्षेत्र के डिप्टी रेंजर मुरलीधरन रैकवार ने बताया कि यह मादा अजगर था जिसकी लम्बाई 10 से 12 फ़ीट के लगभग थी। अजगर को वन विभाग की टीम द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़ दिया गया है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में इससे पहले भी कई अजगर सांप मिल चुके हैं।

### मामूली विवाद में 2 भाइयों में मारपीट

**बड़ा मलहरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र बड़ा मलहरा से मात्र 3 किलोमीटर दूर ग्राम टोरिया में शनिवार के सुबह दो भाई आपस में लड़ गए एक भाई ने थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है रिपोर्ट लिखवाने वाले पवन लोधी पिता फिरूआ लोधी उम्र 29 वर्ष ने बताया कि वह रिश्तेदारी से निमंत्रण करके आ रहा था तो मेरे छोटे भाई सोनू लोधी ने शराब के नशे में कहा तुम मेरे बिनाबताए निमंत्रण में मत जाया करो बस इसी बात को लेकर दोनों के बीच मारपीट हो गई एवं एक दूसरे ने जान से मारने की धमकी देडाली जिसकी रिपोर्ट बड़ा बनाना थाने में दर्ज की गई।

# कॉलेज को लेकर एनएसयूआई और अभाविप आमने-सामने



बक्सवाहा, देशबन्धु। शनिवार को बक्सवाहा एनएसयूआई के ब्लॉक प्रमुख प्रतीक जैन के नेतृत्व में एनएसयूआई के पदाधिकारियों के द्वारा शासकीय नवीन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बक्सवाहा के प्राचार्य शिवम शुक्ला को एक ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बक्सवाहा के कार्यकर्ताओं द्वारा गत दिवस महाविद्यालय में कई प्रकार की अनिमित्ताएँ और अनुशासनहीनता बरती गई जिसके वीडियो भी सामने आये हैं। शिक्षकों द्वारा उन्हें रोके जाने पर उनसे अभद्र व्यवहार किया गया है साथ ही ऐसे आरोप है कि शिक्षकों द्वारा रोकने - टोकने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें धमकी दी गई हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बिना किसी विषय होने पर ज्ञापन देने व धरना प्रदर्शन का कृत्य करते हैं। जिस संबंध में ऐसे अभद्र छात्रों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष प्रतीक जैन के अलावा महाविद्यालय अध्यक्ष शिवम दुबे, युवा नेता आशिक मंसूरी, आयुष जैन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### इनका कहना है

*गत दिवस अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों द्वारा महाविद्यालय के प्रशासन के साथ अभाद्रता पूर्वक व्यवहार किया गया है। ब्लॉक एनएसयूआई इसकी निंदा करती हैं। साथ ही ऐसे अभद्र छात्रों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग करती है।*

***शिवम दुबे, अध्यक्ष एनएसयूआई महाविद्यालय बक्सवाहा***

*पूर्व में कुछ छात्रों द्वारा महाविद्यालय प्रबंधन के साथ अभद्रता की गई है. जिसको हमारे द्वारा संज्ञान में लिया गया है। एवं उसी अभाद्रता को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है।*

***शिवम शुक्ला, प्राचार्य महाविद्यालय बक्सवाहा***

# सवा करोड़ के विकास कार्यो का हुआ भूमि-पूजन



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने आज नगर पालिका द्वारा शहर में किए जा रहे सवा करोड़ के विकास कार्यो की आधार शिलारखी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया, उपाध्यक्ष विकेन्द्र बाजपेई, भाजपा नेता जयराम चतुर्वेदी, भाजपा जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौरसिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र मिश्रा, पार्षद सुशील सोनी, पार्षद दिलीप रैकवार, सुनील वर्मा, पार्षद रेखा वर्मा, पार्षद गट्टी यादव, पार्षद श्रीमती शैला बिट्टी चौरसिया, पार्षद दीपेन्द्र असाटी, भाजपा नेता विवेक चौरसिया, दीपेनद्र सिंह सहित सब इंजीनियर, ठेकेदार सहित वार्डवासी मोजूद रहें। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने आज मेला ग्राउंड पर 16 मीटर ऊंचे हाई मास्क कार्य के लिए भूमि-पूजन किया। 19.15 लाख रुपए की लागत इस कार्य से मेला ग्राउंड , रेलवे स्टेशन के पास, ट्रासपोर्टनगर, ईदगाह एवं पीताम्बरा मंदिर के सामने तिराहे पर दूधिया प्रकाश से शहर जगमगायेगा। इसके साथ ही श्रीमती शैला बिट्टू चौरसिया के वार्ड नं. 32 में खेरे की देवी पर 13.78 लाख से आरसीसी नाली, निर्माण, 21.16 लाख की लागत से आरसीसी नाली कवर सहित निर्माण एवं वार्ड नं. 31 व 32 में 57.72 लाख से आर.सी.सी. नाला कवर निर्माण एवं वार्ड नं. 32 के ही मऊ दरवाजा में 13.75 लाख से पुलिया निर्माण के लिए भूमि-पूजन किया।

भूमि पूजन के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं छतरपुर विधानसभा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि नगर पालिका छतरपुर शहर के विकास में कोई कसर नही छोड़ेगी और इसके लिए वह भी सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी। नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगणों ने भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया और छतरपुर के विकास में हमेशा साथ रहने का वादा किया। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने उपस्थित वार्डवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं जानी। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव ने सभी वार्डवासियों से वादा किया कि वह सेवक है और हमेशा आपकी सेवक रहेगी। वहीं वार्डवासियों द्वारा उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

राजनगर से चुनावी मैदान में उतरेंगे

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा में शामिल



**छतरपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. घासीराम पटेल आखिरकार पार्टी से चल रही नाराजगी के बाद अब खुलकर बगावत कर बैठे हैं। उन्होंने भोपाल के बसपा कार्यालय में पहुंचकर बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता लेते हुए जिंदगी भर बहुजनों, दलित, पिछड़ों और वंचित समाज के लोगों के लिए काम करने की कसम खा ली। उन्होंने कहा कि वे अभी बसपा में शामिल हुए हैं। यदि पार्टी ने चाहा तो वे राजनगर सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे।

ज्ञात हो कि डॉ. घासीराम पटेल राजनगर विधानसभा सीट से टिकिट की आशा में थे लेकिन पार्टी ने यहां से पुन: अरविंद पटैरिया को अपना प्रत्याशी बना दिया है। भाजपा से मिली इस बेरूखी के कारण डॉ. घासीराम पटेल ने पिछले दिनों ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को अपना इस्तीफा भेज दिया था और अब वे खुलकर बसपा में शामिल हो गए हैं। बसपा में शामिल होने के बाद डॉ. घासीराम पटेल ने कहा कि वे 1977 से अब तक भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहे लेकिन पार्टी ने कभी भी उन्हें अपना चुनाव चिन्ह देकर चुनाव नहीं लड़ाया। हर बार उनके साथ धोखा किया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा को प्रदेश भर में भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। क्योंकि कार्यकर्ता पार्टी के फैसलों से नाराज हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ घासीराम साडा अध्यक्ष ,मंडी अध्यक्ष और 2 बार भाजपा जिला अध्यक्ष रह चुके है।

# पति-पत्नी में अनबन , पत्नी ने खाया जहर

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम कदारी में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पत्नी ने नाराजगी में कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया जिससे महिला की हालत बिगड़ गई।

महिला को उसके परिजन जिला अस्पताल लाए, जहां उसका इलाज जारी है। कदारी निवासी संदीप कुशवाहा ने बताया कि किसी बात को लेकर पत्नी रोशनी कुशवाहा के साथ उसकी कहा-सुनी हो गई थी और इसी नाराजगी के चलते रोशनी ने घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जब रोशनी की हालत बिगडने लगी तो परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल ले आए, जहां रोशनी का इलाज किया जा रहा है। चिकित्कों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है।

# बोलेरो से 13 लाख बरामद



**छतरपुर, देशबन्धु।** बीती शाम सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा पैसों से भरी एक कार को पकड़ा गया है। इस कार से पुलिस को लाखों रुपए मिले हैं, जिन्हें जप्त कर संबंधित युवक से पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान एक संदिग्ध बोलेरो कार को पुलिस टीम ने रोका। थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 13 लाख 72 हजार रुपए मिले थे, जिन्हें जप्त करते हुए पुलिस ने वाहन चला रहे युवक को अभिरक्षा में लिया। पुलिस के मुताबिक युवक से लगातार पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी कमलेश साहू का कहना है कि पकडे गए युवक ने बताया कि वह ठेकेदार है। फ़िलहाल आगे की जानकरी हासिल करने के मकशद से बरामद रुपयों की जानकरी आयकर विभाग को भेजी गई है।

### 2 महिलाओ को सर्प ने डसा

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के दो अलग-अलग स्थानों से सर्पदंश की घटनाएं सामने आई हैं।



घटना के बाद दोनों महिलाओं के परिजन उन्हें जिला अस्पताल लाए जहां दोनों का इलाज किया जा रहा है। पहली घटना बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम पहरा की है, जहां की रहने वाली मल्लो पत्नी मन्नू बुनकर अपने खेत में मूंगफली उखाड़ रही थी। इसी दौरान सांप ने उसे काट लिया और इसके बाद परिजन उसे सीधे जिला अस्पताल ले आए। दूसरी घटना भगवां थाना क्षेत्र के ग्राम बरेठी की है, यहां की निवासी कौशल्या लोधी भी अपने खेतों में काम कर रही थी तभी सांप ने उसके पैर में काट लिया। कौशल्या ने जब परिजनों को इसकी जानकारी दी तो परिजन पहले झाड़-फूंक के लिए ले गए लेकिन जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो फिर कौशल्या को जिला अस्पताल लाया गया।

विधायक ने किया मीडिया संवाद, पत्रकारों से लिए सुझाव

# छतरपुर के विकास में शामिल होंगे सबके सुझाव



**छतरपुर, देशबन्धु।** शनिवार को छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया ने सागर रोड स्थित खेलग्राम परिसर में नगर के पत्रकारों के साथ मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन के माध्यम से उन्होंने छतरपुर के विकास के लिए पत्रकारों से सुझाव आमंत्रित किए। विधायक ने कहा कि इन्हीं सुझावों के आधार पर वे अपना घोषणा पत्र निर्मित करेंगे साथ ही प्रदेश स्तर के सुझावों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजकर इन्हें घोषणापत्र में शामिल कराएंगे।

श्री चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने पांच वर्षों तक अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में बिजली, सड़क, पानी, सिंचाई के क्षेत्र में जनता के सुझावों पर आवश्यक कदम उठाए हैं। निजी स्तर पर जरूरतमंदों को एक रूपए में भोजन कराने, जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में पानी पहुंचाने, युवाओं के लिए केजीपीएल जैसे खेल आयोजन करने, बेटियों के लिए ग्लैमर अवार्ड का आयोजन करने का काम भी किया है। अब वे युवाओं को खेलो, पढ़ो, आगे बढ़ो की तर्ज पर आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक नई संकल्पना तैयार कर रहे हैं जिससे क्षेत्र के 10 हजार युवा अपने पैरों पर खड़े हो सकेंगे। इस दौरान पत्रकारों ने उन्हें नगर विकास से जुड़े कई सुझाव दिए।

### शाला विकास पर हुई चर्चा



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बंधा में शनिवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में संस्था के शिक्षक, समिति सदस्य एवं बच्चों के अभिभावक शामिल हुए।

जिला शिक्षा अधिकारी एमके कौटार्य के आदेशानुसार जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को शासकीय माध्यमिक शाला बंधा में बैठक हुई। प्राचार्य रमेश प्रजापति बैठक में अध्यक्ष के रूप में उपथित थे। बैठक में बच्चों के अभिभावकों को त्रिमासिक परीक्षा परिणाम के बारे में अवगत कराया गया एवं बच्चों की कमियां उन्हें बताई गई। बैठक में अभिभावकों से शाला संबंधी अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।

# महाप्रसाद होंगे कांग्रेस जिला अध्यक्ष





**छतरपुर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के जिलाध्यक्ष लखन पटेल को पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर अब छतरपुर में महाप्रसाद पटेल को पार्टी की कमान सौंपी गई है। 7 अक्टूबर को संगठन के उपाध्यक्ष राजीव सिंह के द्वारा जारी पत्र में कहा गया कि प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने महाप्रसाद पटेल को पार्टी का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

महाप्रसाद पटेल अब तक कांग्रेस के किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष थे। उन्हें नातीराजा का करीबी माना जाता है ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि नातीराजा से चल रहे लखन पटेल के मतभेदों के कारण उन्हें पद से हटाया गया। हालांकि लखन पटेल फिलहाल इस मुद्दे पर खामोश हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनों से जिलाध्यक्ष लखन पटेल एवं कांग्रेस के तीनों विधायको नातीराजा आलोक चतुर्वेदी व नीरज दीक्षित के बीच मतभेद चल रहे थे। लखन पटेल का कहना है कि वे संगठन के लिए काम कर थे जबकि विधायक उन्हें अपनी तरह से संगठन चलाने के निर्देश देते थे। पार्टी के नए जिलाध्यक्ष बनाए गए महाप्रसाद पटेल नातीराजा के करीबी हैं। कांग्रेसियो का मानना है कि् महाप्रसाद सबसे कमजोर अध्यक्ष होंगे। जिसका फायदा दूसरी पार्टी को होगा।

# अग्रसेन जयंती समारोह की प्रतियोगिताएं आज से

**छतरपुर, देशबन्धु।** अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की 5147 वीं जयंती महोत्सव का शुभारंभ सरानी गेट बाहर स्थित सिद्धपीठ महालक्ष्मी मंदिर में 8 अक्टूबर को दोपहर 1:30 बजे अग्र ध्वजारोहण के साथ होगा। जबकि जयंती महोत्सव का समापन 15 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा के साथ होगा।

अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि अग्रसेन जयंती महोत्सव को कामयाब बनाने के लिए 8 से 15 अक्टूबर तक होने वाले विभिन्न आयोजनों के लिए संयोजक बनाकर पहले ही उन्हें दायित्व सौंपे जा चुके हैं। महोत्सव का शुभारंभ 8 अक्टूबर को दोपहर 1:30 बजे अग्र ध्वजारोहण के साथ होगा। मध्यांचल ग्रामीण बैंक के ज्ञानप्रकाश अग्रवाल एवं स्टेट बैंक के जगजीत मित्तल द्वारा अग्र ध्वजारोहण किया जायेगा। महोत्सव के पहले दिन 8 अक्टूबर को बच्चों, बेटियों और नारी शक्ति के लिए 3 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। सुबह 8 बजे से होने वाली बच्चों की स्पर्धा के लिए राजेश रंग वाले, कुनाल तन्नू, आदित्य लकी, अभिषेक, सत्यम और सानिध्य अभि को जिम्मेदारी सौंपी गई है। 15 साल से अधिक उम्र की बेटियों और नारी शक्ति के लिए हाउजी प्रतियोगिता दोपहर 3 से 4 बजे तक होनी है। इसका संयोजक सुनीता, आभा, मीना, माला, ज्ञानू और सुनीता अजय अग्रवाल को बनाया गया है। शाम 4 बजे से नारी शक्ति और 15 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों के लिए पास इन द पास प्रतियोगिता कराने का दायित्व शिप्रा, ममता, पूनम, रूपा, अर्चना और रिकी अग्रवाल को सौंपा गया है।

### खनिज विभाग की मिली भगत से मुरम का अबैध उत्खनन

**नौगाँव , देशबन्धु।** नगर के चारो ओर फैला क्रेशर मशीनों का जाल क्रेशर संचालन हेतु पहाड़ियों के लिए लिए गए पट्टे से पत्थर की जगह मुरम का उत्खनन किया जा रहा और दिन दहाड़े डंफरो के माध्यम से क्षेत्र में बिक्रय किया जा रहा है खनिज विभाग मूकदर्शक बना बैठा है कभी भी किसी खनिज अधिकारी को क्रेशर की जांच देखते नही पाया गया पहाड़ो के पट्टे वितरित कर दिए गए मगर आज तक इनकी जांच करते हुए बिभाग को नही देखा गया है जबकि क्रेशर संचालको द्वारा तय जगह से ज्यादा जगह उत्खनन कर पहाड़ो का नामो निशान मिटा दिया गया है सूत्रों की माने तो क्रेशर संचालको और खनिज अधिकारियों के बीच जबरदस्त सेटिंग होती है

# सटई के नवीन तहसील कार्यालय का हुआ शुभारंभ

**बिजावर, देशबन्धु।** पिछले दिनों बिजावर विधायक राजेश शुक्ला बबलू के प्रयासों से बिजावर विधानसभा से सटई नगर को तहसील का दर्जा मिला था। तमाम कागजी कार्यवाही के उपरांत शनिवार को सटई में नवीन तहसील कार्यालय का विधायक श्री शुक्ला ने विधिवत शुभारंभ किया। अब लोगों के धन एवं समय दोनों की बचत होगी तथा सटई में ही उनके तहसील संबंधी कार्य पूरे होंगे। विधायक श्री शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की और इसके बाद रिबिन काटकर नए तहसील कार्यालय का उद्घाटन किया और इसके बाद उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि- मैंने कभी भी अपनी विधानसभा में कोई कार्य इस लालसा के साथ नहीं किया कि इसके बदले में जनता मुझे चुनाव जिताएगी, बल्कि इस भावना के साथ किए कि जनता ने इसकी जिम्मेदारी मुझे सौंपी है।




विधायक ने कहा कि मेरा काम अपने कार्यकाल में विकास कराना था, जो कि मैंने पूरी ईमानदारी के साथ किया। अब चुनाव होगा जिसमें हार-जीत का फैसला जनता लेगी। मुझे यह भी पता है कि बिजावर विधानसभा ऐसी विधानसभा है जहां की जनता समझदार है और अपना अच्छा-बुरा समझती है, इसलिए जनता को जो भी फैसला होगा वह बिना किसी सवाल-जवाब के स्वीकार किया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम राकेश शुक्ला, अभिनव शर्मा तहसीलदार, इंद्र कुमार गौतम नायब तहसीलदार, संतोष सैनी सीएमओ, पुष्पेंद्र सिंह परमार कुटिया, रविकांत कुड़ेरिया, भरत सिंह, संजय दुबे, पवन सोनी, मिंटू राय, पुष्पेंद्र सिंह हीरापुर, पुष्पेंद्र मिश्रा, राकेश राय सहित सृजित किए जाएंगे 17 पद, 31 पटवारी हल्के होंगे शामिल।

उल्लेखनीय है कि सटई तहसील में कुल 17 नए पद सृजित किए जाएंगे जिनमें एक तहसीलदार, एक नायब तहसीलदार, चार कर्मचारी सहायक ग्रेड-3, दो कर्मचारी सहायक ग्रेड-2, एक वाहन चालक, एक जमादार और पांच भृत्य शामिल होंगे। वहीं सटई तहसील में कुल 31 पटवारी हल्कों को शामिल किया जाएगा जिसमें कुछ हल्का बिजावर तहसील क्षेत्र के हैं तथा कुछ राजनगर तहसील क्षेत्र के। जो पटवारी हल्का नवीन तहसील सटई में शामिल किए गए हैं उनमें पटवारी हल्का बरेठी, कुटिया, सांदनी, पारवा, बांदनी, सिलावट, भैरा, सलैया, कावर, झमटुली, कटारा,औंटापुरवा, बेड़री, लखनगुवां, रगौली, डारगुवां, विजयपुर, जखरौन कला, सटई, नदगांय बट्टन, कसार, रजपुरा, नारायणपुरा, अमरपुरा, कुपिया, अमरौनिया, मझगुवां कला, सुकवाहा, मोतीगढ़, पलकौंहा और खरियानी शामिल है।

# साहित्य

# फिल्म 'स्वामी' : गणेश आचार्य

■ अजय चन्द्रवंशी



यहां दो प्रश्न उभरते हैं पहला स्वामी का वैसी कुर्सी के प्रति आकर्षण का कारण, और दूसरा राधा द्वारा बीमारी के ईलाज के पैसे से कुर्सी खरीदने का कारण। यह माना जा सकता है कि स्वामी के अवचेतन मन मे बालपन के अभाव जनित सामंती कुर्सी की ललक घर कर गई है,जो वैसी कुर्सी देखने पर उभर जाती है।यानी ऐसी कुर्सी की प्राप्ति की चाह एक तरह से उसके अभाव जनित अहं की संतुष्टि का साधन है,जो उसके साथ सायास नहीं अनायास घटित होता है।

निम्न मध्यमवर्गीय दाम्पत्य में जितना अगाध प्रेम होता है उतना ही कठिन जीवन संघर्ष।प्रेम संघर्ष की राह में सुकून पहुंचाता है मगर इससे भौतिक परिस्थितियां बदल नहीं जातीं।
इसलिए आदमी जब 'बड़ा' सपना देखता है तो उसका फलित होना बहुत बार जीवन से बड़ी कीमत वसूल लेता है।
दरअसल 'बड़ा' सपना भी अक्सर प्रभु वर्ग द्वारा प्रचारित 'सपना' होता है जिससे निम्न मध्यमवर्ग सामान्यत: प्रभावित रहता है। इस 'सपने' में मुख्यत: 'गाड़ी-मोटर-बंगला,विदेश में नौकरी, 'लक्जिरिअस लाइफ' के लक्ष्य होते हैं। सुख-सुविधाओं के आधुनिक साधन प्राप्त करने में कोई बुराई नहीं है मगर प्रभुवर्ग के तमाम मानक जरूरी नहीं कि सार्थक हों। मसलन इस फ़िल्म में 'राधा' को टीवी में दिखाए दृश्य से प्रभावित होकर अपने बच्चे को अमेरिका में नौकरी कराने का सपना देखती है। वहां नौकरी करने में कोई बुराई नहीं मगर राधा के पास वह दृष्टि नहीं है जिससे वह समझ पाये कि अच्छी नौकरी अपने देश मे की जा सकती है और जीवन की सार्थकता सिर्फ अमेरिका में नौकरी से नहीं है।
फ़िल्म में राधा और उसके पति स्वामी में अगाध प्रेम है। कम सुविधाएं उनके सहज जीवन में कोई बाधक नहीं है।
विवाह के दस वर्ष बाद एक बेटा होता है,जो कुछ जुटाना है सिर्फ उसके लिए। उसकी पढ़ाई अच्छी हो इसके लिए गांव छोड़ शहर आते हैं। साधन कम होने के बाद भी महंगे अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में उसे पढ़ाते हैं। बेटा भी लायक निकलता है।
स्वामी ने अभाव में जीवन जिया है। उसकी मां एक ज़मीदारनुमा अमीर के यहां काम करती थी। स्वामी को उसकी लकड़ी की आराम कुर्सी बहुत आकर्षित करती थी। एक बार बिना पूछे उसमे बैठ जाने के कारण ज़मीदार ने उसे अपमानित कर उठा दिया था। अवश्य इसका प्रभाव उसके बालमन में पड़ा होगा। ऐसी कुर्सी के प्रति आकर्षण स्वामी के अंदर जीवनभर रहा। वह जब भी ऐसी कुर्सी देखता उसका मन मचल जाता था,लेकिन आर्थिक स्थिति उसको खरीदने लायक नहीं रहती थी। राधा उसके ललक को ताड़ गई थी,इसलिए अपने ऑपरेशन के लिए जमा पैसे से उसके लिए ऐसी कुर्सी खरीद देती है।
यहां दो प्रश्न उभरते हैं पहला स्वामी का वैसी कुर्सी के प्रति आकर्षण का कारण, और दूसरा राधा द्वारा बीमारी के ईलाज के पैसे से कुर्सी खरीदने का कारण। यह माना जा सकता है कि स्वामी के अवचेतन मन मे बालपन के अभाव जनित सामंती कुर्सी की ललक घर कर गई है,जो वैसी कुर्सी देखने पर उभर जाती है।यानी ऐसी कुर्सी की प्राप्ति की चाह एक तरह से उसके अभाव जनित अहं की संतुष्टि का साधन है,जो उसके साथ सायास नहीं अनायास घटित होता है।
राधा स्वामी से बहुत प्रेम करती है और जानती है कि स्वामी भी उससे उतना ही प्रेम करता है। वह स्वामी के वैसी कुर्सी के प्रति ललक को कई बार ताड़ती है मगर उसके महंगे होने का अहसास उसे भी है। इधर जब वह बीमार होती है और उसके ऑपरेशन के लिए स्वामी दिन-रात मेहनत कर पैसे इकट्ठा करते रहता है तो इस पैसे से उसके द्वारा बिना स्वामी को बताए कुर्सी खरीद लेना न केवल असहज लगता है बल्कि अविश्वसनीय भी। सच है स्वामी ऐसा करने से उसे मना कर देता क्योंकि राधा की ज़िंदगी से बढ़कर कुर्सी उसके लिए कभी नहीं हो सकती थी।
कहा जा सकता है कि राधा को यह अहसास हो गया होगा कि वह इस बीमारी से नहीं बच पाएगी और ऑपरेशन सफल नहीं हो पायेगा।इस तरह राधा स्वामी को उस कुर्सी में बैठा देखकर सुकून से आँखे मूंद लेती है।
स्वामी राधा के इच्छानुरूप आनंद की परवरिश कर उसे काबिल बनाता है। वह एक बैंक में नौकरी करता है और खुश है मगर माता-पिता के सपने पूरा करने के लिए अमेरिका जाने का प्रयास करते रहता है।आनंद पिता के संघर्ष को जानता है और उसका सम्मान करता है। इधर उसका विवाह होता है और बेटा हो जाता है। उसकी पत्नी पूजा सहृदय है और स्वामी का आदर करती है। आनंद-पूजा का संतान आदर्श है। स्वामी अपने पोते को जी-जान से चाहता है। पुजा को स्वामी के पुरानी कुर्सी के प्रति प्रेम का अहसास है इसलिए वह उसे कभी डिस्टर्ब नहीं करती,मगर एक बार जब आदर्श उससे उलझकर गिर जाता है तो वह आहत हो जाती है और स्वामी से कुछ देर के लिए असामान्य व्यवहार करती है और गुस्से में कुर्सी को एक कबाड़ी वाले के पास बेच देती है।मगर जल्दी ही उसे अपनी गलती का अहसास हो जाता है और वह कबाड़ी के पास उसे वापस लेने जाती है मगर तब तक देर हो चुकी होती है।कुर्सी वहां नहीं मिलती।
स्वामी आहत होता है मगर खुद को सम्हाल लेता है। आनंद भी परेशान होता है मगर स्वामी दोनो को समझाकर उनको सामान्य करता है।
फ़िल्म के क्लाइमेक्स में आनंद को अमेरिका में नौकरी मिल जाती है,मगर पिता को ले जाने की अनुमति नहीं मिलती । वह पिता के बिना नहीं जाना चाहता मगर स्वामी अंतत: उसे और पूजा को जाने के लिए मना लेता है। वह स्वयं अपने लिए एक वृद्धाश्रम का चुनाव करता है। जब आनंद-पूजा-आदर्श की कार चली जाती है तो स्वामी को वृद्धाश्रम के एक कमरे में जाते दिखाया जाता है। वह जब कमरे का दरवाजा खोलता है तो उसे अपनी वही कुर्सी दिखाई देती है। एक क्षण उसके चेहरे में कई तरह के भाव उभरते हैं।पुरानी स्मृतियां कौंध जाती हैं और उसे राधा की याद आती है। वह कुर्सी से लिपटकर चीखकर रोने लगता है।उसकी सारी दबी भावनाएँ उभर आती हैं और यहीं पर फ़िल्म समाप्त हो जाती है।
इस तरह फ़िल्म के आख़िर में स्वामी के साथ केवल राधा की याद रह जाती है। मानो इस दुनिया मे अब उसका काम पूरा हो गया है और अब उसे राधा के पास जाना है! फ़िल्म में केन्द्रीयता राधा और स्वामी के प्रेम की ही है। बच्चे को पढ़ा-लिखाकर अमेरिका भेजना भले 'बाज़ार' का प्रभाव हो मगर वे निश्छल लोग हैं, ईमानदारी और प्रेम उनकी स्वाभाविक वृत्ति है। उन्होंने जिस परिवेश में जीवन जिया है,वह बहुत हद तक अभाव की दुनिया है और इसकी पूर्ति की इच्छा मानवीय लक्षण है।

उर्दू व्यंग्य रचना

# बोलने से लेकर चुप्पी तक

मूल लेखक : रामलाल नाभवी



अनुवाद
अखतर अली

बच्चा पैदा होते ही बोलता है उस समय उसके पास भाषा नहीं होती इसलिये रो कर बोलता है। रो कर बोलता है कि मैं ठीक हूँ फिर जीवन भर बोलते बोलते रोता है कि मैं ठीक नहीं हूँ। बच्चा नहीं बोलता तो उसको उल्टा लटका देते है बाद में जब वह ज़्यादा बोलता है तो मन करता है सीधा लटका दे।

जब तक पैदा हुआ बच्चा चिल्लाता नहीं है डाक्टर नर्स रिश्तेदार सब चिल्लाते है और जैसे ही बच्चा चिल्लाता है मुबारक मुबारक का शोर मच जाता है। ज़िन्दगी की शुरुआत ही चीख पुकार से होती है जो मृत्यु तक जारी रहती है।

धीरे धीरे बच्चा बड़ा होने लगता है अभी उसे बोलना नहीं आया है लेकिन सब चाहते है वह बोले। उसे बोल बोल कर बोलना सिखाया जाता है। वह देर से बैठना सीखे , देर से चलना सीखे यह मंज़ूर है लेकिन देर से बोलना सीखे यह स्वीकार नहीं है। उसे बुलवाने के लिए सब उसके सामने बोलते है और जब वह खूब बोलने लगता है तब उसके सामने आने से भी घबराते है। जब बच्चा बोलना शुरू करता है तब मां बाप दादा दादी बोलने की ख़ुशी का इज़हार बोल बोल कर करते है। पैदा होने के बाद बोलना शुरू नहीं होता तो मां बाप डाक्टर की तरफ़ दौड़ते है और बुढ़ापे में जब बोलना बंद हो जाता है तब उसके बच्चे डाक्टर की तरफ़ भागते है।

बोलना शुरू होने से ज़्यादा डरावना बोलना बंद हो जाना है। ज़िन्दगी बोलने से ज़िन्दगी है।

बच्चा बचपने की हद से आगे बढ़ा तो उसे पढाई और केरियर से संबंधित बाते बोल कर पूछी गई जिसका जवाब उसने बोल कर दिया। वह जवाब में न बोले तो बोलते है बुद्धू , भोंदा और भकवा है , पलट कर जवाब दे तो बोलते है बत्तमीज़ है , संतुलित बोले तो बोलते है सियाणा छुपा रुस्तम है। ज़्यादा बोलेगा तो बोलेगे बोलता है।

बोलना एक आर्ट है जो बोलकर ही सीखा जा सकता है। उपदेशक को सुनो तो पहले तो लगता है इन्हें बोलने के अलावा और कोई काम नहीं लेकिन गौर करो तब महसूस होता है अच्छे को अच्छे से बोलना भी एक काम है। ज़िन्दगी के खेत में बोलना खाद है , बोलने से जीवन पनपता है। अच्छे से बोलने के कारण इंसान वकील बन सकता है , लेक्चरर बन सकता है , एम. एल. ए. बन सकता है , एम. पी. बन सकता है , मंत्री बन सकता है , उपदेशक बन सकता है। समिति , पार्टी और देश का प्रेसिडेंट बन सकता है , ज़िंदगी बोलने से निखरती है।

बुज़ुर्ग जवानों को ज्ञान देते है कि कम बोला करो ख़ुदा को भी ज़्यादा बोलने वाले पसंद नहीं है इसलिए उसने इंसान को ज़बान एक और कान दो दिये है ताकि बोलो कम सुनो ज़्यादा। इस बात पर एक बेहतर बोलने वाले ने बड़े मियाँ को समझाते हुए कहा ङ्क उपर वाले ने ज़बान को दोनों कान के बीच रखा है ताकि उसकी बात दोनों कान साफ़ साफ़ सुने और सुनने का मज़ा ले सके। दोनों कान ज़बान से छोटे है छोटे छोटे कान और गज़ भर की ज़बान। छोटी सी ज़बान इतना बोल सकती है कि सुन सुन कर कान थक जाये पर बोलते बोलते ज़बान न थके। इंसान एक ज़बान से कई ज़बाने बोल सकता है और सुनते है कि बोले गये शब्द हवा में तैरते रहते है , इन्हें लिख कर , रिकार्ड कर के बाकी रखा जा सकता है लेकिन कान का क्या वह तो बात एक कान से सुन कर दूसरे कान से निकाल भी देता है। ज़बान देना जानती है और कान बस लेना। मुंह में ज़बान दी ही इसलिये गई है ताकि हम बोले इसलिये ही न बोलने वाले भी यह बोलते सुने गये है कि हम भी मुंह में ज़बान रखते है।

इंसान जिस ज़बान की मदद से बोलता है वह ज़बान रहती तो छोटे से घर में है लेकिन बोलते हुए बहुत बड़ा दायरा कवर करती है। इस ज़बान पर किसी का नियंत्रण नहीं होता। यह जैसे चाहे चलती है , न बोलने वाली बात भी बोल सकती है , आहिस्ता तेज़ और रुक रुक कर बोल सकती है। शराफ़त और बत्तमीज़ी का प्रदर्शन कर सकती है। राज़ उलट सकती है बोल कर पलट सकती है। यह ज़बान की ही हिम्मत है कि वह तेज़ और नुकीले बत्तीस दांतों के बीच भी हिम्मत के साथ रहती है।

अब इंसान बूढ़ा हो गया दुनियां से वापसी का वक्त आ गया। आगमन बोलने से और प्रस्थान चुप हो जाने से होता है. मैं आपके लिए अभी और बोलता लेकिन मेरे को कहीं और भी बोलने जाना है इसलिए बोलने के लिए बोलना बंद कर रहा हूँ। यहां से कहीं और फिर वहां से कही और बोलने जाना है चारो ओर मेरा बोल बाला है।

गजल

# सोच कर भी क्या जाना जान कर भी क्या पाया

■ अब्दुल अहद साज़

सोच कर भी क्या जाना जान कर भी क्या पाया
जब भी आईना देखा ख़ुद को दूसरा पाया

होंट पर दिया रखना दिल-जलों की शोख़ी है
वर्ना इस अँधेरे में कौन मुस्कुरा पाया

बोल थे दिवानों के जिन से होश वालों ने
सोच के धुँदलकों में अपना रास्ता पाया

एहतिमाम दस्तक का अपनी वज़' थी वर्ना
हम ने दर रसाई का बार-हा खुला पाया

फ़लसफ़ों के धागों से खींच कर सिरा दिल का
वहम से हक़ीक़त तक हम ने सिलसिला पाया

'उम्र या ज़माने का खेल है बहाने का
सब ने माजरा देखा किस ने मुद्द' आ पाया

शायरी तलब अपनी शायरी 'अता उस की
हौसले से कम माँगा ज़र्फ़ से सिवा पाया

'साज़' जब खुला हम पर शेर कोई 'ग़ालिब'का
हम ने गोया बातिन का इक सुराग़ सा पाया

लघु कथा

# दग्ध बीज



डॉ श्यामबाबू शर्मा

इंदू मैम के स्थानांतरण के बाद कुछ दिन तक अरेंजमेंट से क्लासेज चलती रहीं। जब कोई मुस्तकिल न आया तो संविदा में आराध्या ने ज्वाइन किया। अप्रछन्न बेरोजगारी ने अब तक उनका साथ न छोड़ा था। एम फिल की डिग्री और टीजीटी। तनख्वाह इतनी कि बंधुआ मजदूर उनसे अच्छा। इधर व्यवस्था ने एजूकेशन, हेल्थ, ट्रांसपोर्ट, रेल और अनेक क्षेत्रों में क्रांति का संकल्प लिया हुआ था। नई-नई योजनाएं और स्वशुरूआती नौकरी-चाकरी, धंधा-रोजगार! इन्हें मासिक नियत वेतन, महंगाई भत्ता, चिकित्सकीय सुविधाएं तथा प्रमोशन आदि से मुक्त रखा गया। और ऊपर से न इनका कोई यूनियन न आंदोलन की खिचखिच। जब जिसको निकाल दें जिसको भर्ती करें उनकी मर्जी। यहां गलतियों के लिए सीधे सेवा समापन। रहा होगा कोई काल खंड जब अध्यापन रोजगार नहीं सामाजिक वैचारिक समृद्धि का केंद्र बिंदु था। परंतु यह काल खंड नये इतिहास नये विधानों पर वंदन करवाने को कटिबद्ध था। शुरुआती ज्ञानवर्धन हेतु जहां संविदा की परिपाटी चल रही थी तो उच्च कक्षाओं हेतु विद्वता के मानक व्यवस्थाबरदार तय करते थे। दीगर कि जो वैचारिक समन्वयपोषक उसका चयन पूर्व निर्धारित होता।

आराध्या मैम ने बच्चों का इंट्रोडक्शन लिया। मार्निंग असेंबली में अलग-अलग एसाइनमेंट निर्धारित करने लगीं। औरव को न्यूज रीडिंग, आद्विक को स्पेशल आइटम, राशि को हिस्ट्री ऑफ द डे और समृद्ध को थॉट फार द डे, कमांड के लिए...नाम एनाउंस होने से पहले समृद्ध ने इंट्रप्ट किया। 'मैम इस बार मुझे कमांड दीजिए न!'

आराध्या मैम ने समृद्ध को देखा और कुछ न बोलीं तो समृद्ध ने अपनी बात पर जोर दिया। 'प्लीज मैम.. प्लीज़ मुझे हर बार थॉट ही मिलता है..।'

'यस आई नो, हां बेटा थॉट के लिए दिमाग चाहिए और अब कमांड तो कोई भी कर लेता है।'

समृद्ध थॉट पर विचार करने लगा।

# वाह से आह तक : प्रमोद ताम्बट के व्यंग्य



सुनील सक्सेना

समीक्षा

किताबें पढ़ने का भी चस्का होता है। वे जो अपनी जिस्मानी सेहत के साथ दिमागी कसरत पर भी विशेष ध्यान देते हैं उनके लिए तो किताबें 'डम्बल' का काम करती हैं। मस्तिष्क तंदुरूस्त रहता है। किताबों से मोहब्बत करनेवालों के सिरहाने अक्सर कोई न कोई किताब रखी होती है। ऐसे प्रेमी पाठकों के लिए न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, दिल्ली वतर्मान समय में देश के लोकप्रिय और चर्चित एक नहीं दो नहीं बत्तीस व्यंग्यकारों के चयनित व्यंग्य रचनाओं के संकलन लेकर आया है। इन्हीं मक़बूल, नामचीन व्यंग्यकारों में से एक हैं प्रमोद ताम्बट, जिनका ये पहला व्यंग्य संग्रह है ।


प्रमोद पिछले चालीस वर्षों से व्यंग्य लिख रहे हैं। छपने का मोह कम ही रहा है उनका। बावजूद इसके पत्र पत्रिकाओं में उनके व्यंग्य छपते रहते हैं। साझा व्यंग्य संकलनों में उनकी रचनाएं शामिल होती रही हैं। लेकिन ये उनकी पहली किताब है। पुस्तक में उनके आत्मकथ्य के अनुसार 'जब भी उन्होंने व्यंग्य संकलन तैयार कर छपवाने के बारे में सोचा एक भारी गलती वे कर बैठे। उन्होंने अपनी रचनाएं उनके अंदर बैठे आलोचक को थमा दीं ।' परिणाम ये हुआ कि खुद ही लेखक और खुद ही आलोचक के इस 'डेडली कॉम्बीनेशन' के कारण उनकी चार किताबें जो अब तक छप सकती थीं, उनके ही घर की धूल फांक रही है। प्रमोद की इस बेबाक स्वीकार्यता पर कौन निसार न हो जाए?

सोशल मीडिया पर इन दिनों प्रकाशकों के किताबें छापने के लुभावने ऑफर वाले इश्तहार थोक में पोस्ट हो रहे हैं। अगर प्रमोद चाहते तो उनकी गोद तो अब तक तो न जाने कितनी बार हरी हो चुकी होती। लेकिन वे किताब छपवाने की लालसा को दरकिनार कर, सृजनरत रहे, धैर्य के साथ प्रतीक्षा की। सब्र का फल मीठा होता है। न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन दिल्ली ने पुस्तक योजना के अंतर्गत उनकी तीस व्यंग्य रचनाओं को प्रकाशित किया, वो भी निःशुल्क।

कहानी, कविता, उपन्यास, मोटीवेशनल बुक्स, बायोग्राफी पढ़नेवाला पाठक जब व्यंग्य के रास्ते पर चलता है तो शरद जोशी और हरिशंकर परसाई के दो राहे पर आकर ठिठक जाता है। प्रमोद का ये व्यंग्य संग्रह व्यंग्य की परम्परा को बड़ी जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाता है। उनके व्यंग्य आश्वस्त करते हैं कि व्यंग्य की वंशबेल न सिर्फ और ऊंचाइयों पर चढ़ेगी बल्कि फलती फूलती भी रहेगी।

अब एक नजर उन व्यंग्यों पर जो इस संग्रह की जान हैं। संग्रह की पहली रचना है 'व्यंग्य आखिर है क्या'। आम पाठक को चुटीले अंदाज में व्यंग्य क्या है वे बताते हैं। व्यंग्य सर्वत्र व्याप्त है। कविता में, कहानी में, निबंध में। व्यंग्य एक चटपटी भेल है जिसमें विट है, आयरनी, सटायर, सरकास्म, ह्यूमर फार्स के मसाले मौजूद हैं। ये रचना पाठक को व्यंग्य समझने, जानने के लिए अनूठे अंदाज में मानसिक रूप से तैयार करती है, ताकि आनेवाली रचनाओं का रस वो मजे से ले सके।

राजनीति और राजनेता व्यंग्यकारों के हमेशा से चहेते विषय रहे हैं। जनता जनार्दन के व्यवस्था से मोहभंग को प्रमोद ने बखूबी उकेरा है। प्रमोद के इन व्यंग्यों में तीखी मिर्ची का जोरदार झन्नाटा है, जो रचना को पढ़ते-पढ़ते वाहज्वाह से आहज्आह में कब तब्दील हो जाता है पता नहीं चलता। 'प्रजातंत्र और लठबाजी' रचना में वे कहते हैं कि 'जिस देश की प्रजा लट्ठ खाने में जितनी अभ्यस्त होती है उस देश का प्रजातंत्र उतना ही मजबूत माना जाता है।' बिना किसी लफ्फाज़ी जुमलेबाजी के निडर होकर सटीक मारक प्रहार करते हैं वे।




'एक टिकिटार्थी का पत्र' व्यंग्य में एक टिकिट का अभिलाषी कहता है - माबदौलत इस दफे पार्टी का सबसे योग्य उम्मीदवार है। इस बात को आप चाहे तो क्षेत्र के किसी थाने से पता कर सकते हैंज । राजनीति में अपराधियों की घुसपैठ पर ऐसी सीधी चोट करते हैं कि बंदा तिलमिला जाए। ये साहस इन दिनों कम ही रचनाकारों में देखने को मिलता है। 'वोटों की फसल' शीर्षक वाला व्यंग्य मजेदार है। वे लिखते हैं : 'वोटों की फसल को ठीक समय पर साम्प्रदायिक जातीय उन्माद का फर्टीलाइजर मिल जाए तो पूछिए मत फसल इस कदर लहलहा उठती है कि बस देखते ही बनती है।' राजनीति में वोटों के खेल की बड़ी निर्ममता से चीर फाड़ की है उन्होंने।

घरेलू हिंसा को लेकर भी व्यंग्य है - अबला लुगाइयां खामोश देवता । सभ्य सुस्कृत समाज में नारी के स्थान के लिए कहा गया है 'यत्र नार्यस्तु पुज्यंते तत्र रमन्ते देवता'। हमने बचपन में मां के मुंह से डांट के दौरान कई बार सुना है कि बहुत दिनों से तुम्हारी 'पूजा' नहीं हुई है इसलिए दिमाग सड़ गया है तुम्हारा। ये विडंबना है कि घर की लुगाई की धुनाई पिटाई (पूजा) आज भी सामाजिक रोग के रूप में परिवारों में मौजूद है। सभ्य-आदर्श परिवार के स्थापित मूल्यों के क्षरण पर जबरदस्त प्रहार किया है प्रमोद ने। व्यंग्य में कहन की शैली ऐसी है कि रचना पढ़ते वक्त हम अपनी बगलें झांकने पर विवश हो जाते हैं।

कभी-कभी किसी रचना का शीर्षक इतना कैची होता है कि रचना के गर्भ में क्या है पाठक सहजता से अनुमान लगा लेता है। 'सारे नंगे बाहर तो हमाम में कौन है' रोचक रचना है। सुधि पाठक व्यंग्य के उनवान को पढ़ते ही रचना के साथ हो लेता है। तालमेल बिठा लेता है। ज्यादा माथापच्ची करने की जरूरत महसूस नहीं होती है उसे। अच्छे लेखक रचनाओं के शीर्षक चुनने पर भी कितने सजग होते हैं ये इस व्यंग्य से पता चलता है।

'मस्तिष्क का स्थानांतर' गुदगुदाता व्यंग्य है। वे घुटने में दिमाग रखनेवालों का मस्तिष्क दिल में ट्रांसफर करना चाहते हैं ताकि हम इंसानियत प्यार मोहब्बत को जाने समझें। विवेकहीन लोगों के जमघट पर तंज करते हुए लिखते हैं कि वैसे भी भूसे और गोबर से भरे दिमाग मानव समाज को कब राख कर दें पता नहीं। बाजारवाद पर करारी चोट करता हुआ व्यंग्य है 'मुफ्त का माल'। फ्री फंड के चक्कर में हम दुनिया का कचरा घर उठाकर ले आते हैं। प्रमोद का वाक्य संयोजन कई जगहों पर पाठक को चमत्कृत कर देता है।

अनुभव लेखन को समृद्ध करता है। प्रमोद जल्दबाजी में नहीं दिखते हैं। एक अच्छे कलमनवीस की तरह विषय और विचार को पकने का पूरा समय देते हैं ताकि रचना में कहीं कच्चापन न रह जाए। बिना दाएं बाएं जाते हुए अपनी बात सीधे-सीधे कहते हैं, जो पाठक के दिल में उतरती चली जाती है।

अगर आप हास्य व्यंग्य पढ़ने में रूचि रखते हैं तो प्रमोद का यह संग्रह निराश नहीं करेगा। एक बार पढ़ना शुरू करेंगे तो और पढ़ने की दिली ख्वाहिश जागेगी, यह कहने में मुझे कोई शुबहा नहीं। प्रमोद का यह संग्रह व्यंग्य के संसार में 'चार्टबस्टर' हो मेरी शुभकामनाएं हैं।

**पुस्तक : समकालीन व्यंग्य प्रमोद ताम्बट**
**लेखक : प्रमोद ताम्बट**
**प्रकाशक : न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन**
**मूल्य : रू 225/-**

# कार्यालय कलेक्टर जिला सागर एवं पदेन उप सचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक/07 अ/82/22-23/भू-अर्जन/ 2023/8042 सागर, दिनांक 04.10.2023

मौजा दलपतपुर मालगुजारी पट. ह. नं.-38 तहसील खुरई

( देखिये धारा 19 एवं 21 )

अधिसूचना

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11 ( 1 ) के तहत प्रारंभिक अधिसूचना के प्रकाशन उपरान्त प्रावधानित समय सीमा 60 दिवस की अवधि में धारा 15 के तहत कोई आपत्तियां प्राप्त नहीं हुई है तथा समुचित सरकार का यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित परियोजना हेतु अनुसूची के पद ( 2 ) मे उल्लेखित शासकीय भूमि पर स्थित स्थावर परिसंपत्तियों की सार्वजनिक लोक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के तहत यह घोषित किया जाता है कि निम्न अनुसूची के पद (2) में वर्णित शासकीय भूमि पर स्थित स्थावर परिसम्पत्तियां लोक प्रयोजन हेतु अपेक्षित है ।

(1) परियोजना का नामः-हनौता सिंचाई परियोजनांतर्गत डूब क्षेत्र निर्माण हेतु

( 2 ) भूमि का विवरण

1. जिला -सागर 2. तहसील- खुरई 3. ग्राम- दलपतपुर मालगुजारी

4. पट.ह.नं.- 38 5. अर्जित मकान इत्यादि का क्षेत्रफल : 3707.332 वर्ग.मी.

**अनुसूची**

**डूब क्षेत्र में स्थित प्रभावित मकान इत्यादि का विवरण**

| स. क्र. | वर्तमान अभिलेखानुसार भू-धारक का विवरण | खसरा नम्बर | कुल रकवा हे. में | भूमि पर निर्मित मकान धारक का विवरण | प्रभावित मकान का विवरण झोपड़ी / कच्चा कबेलू / टिनशेड़ / पक्का गाटर फर्शी/ आर. सी. सी. | मकान का क्षेत्रफल ( व.मी.में) | धारा 11 के प्रकाशन दिनांक को धारा 3 के तहत प्रभावित परिवारों का विवरण | क्या धारा 11 के प्रकाशन के पूर्ववर्ती तीन वर्षो में लगातार निवास है अथवा नहीं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | लाडो पति उमेद | छत लकड़ी का टपरा, दीवार ईंट + मिट्टी, फर्श कच्चा, | 9.610 | निरंक | है |
| | आबादी | | | सौर | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| 2 | | | | | निरंक | 0.000 | पूरन पिता उमेद आदिवासी | है |
| | | | | | योग - | 11.050 | | |
| 3 | शासकीय | 1171 | 1.870 | रज्जन पिता | छत लकड़ी+पाटे, दीवार पत्थर + मिट्टी की फर्श कच्चा | 20.140 | निरंक | है |
| | आबादी | | | उमेद सौर | छत टीन+लकड़ी | 8.680 | | |
| | | | | | योग- | 28.820 | | |
| 4 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | संतोष पिता उमेद | छत लकड़ी+पन्नी,दीवार पत्थर + मिट्टी की, | 18.800 | निरंक | है |
| | आबादी | | | सौर | फर्श कच्चा (आवासीय) | | | |
| | | | | | योग - | 18.800 | | |
| 5 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | शारदा पति पप्पू | छत गाटर+फर्शी, दीवार ईंट + मिट्टी की, | 15.840 | निरंक | है |
| | आबादी | | | सौर | फर्श कच्चा (आवासीय) | | | |
| | | | | | योग- | 15.840 | | |
| 6 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | रानी पति लक्खू | छत लकड़ी+पन्नी, दीवार ईंट + मिट्टी की, (आवासीय टपरा ) | 9.570 | निरंक | है |
| | आबादी | | | आदिवासी | पक्का शौचालय | 1,440 | | |
| | | | | | योग- | 11.010 | | |
| 7 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | गोविन्द्र पिता | छत पत्थर की पाटे ,दीवार पत्थर + मिट्टी की, | 17.480 | निरंक | है |
| | आबादी | | | खचोरा सौर | फर्श कच्चा (आवासीय) | | | |
| | | | | | दहलान छत लकड़ी+पन्नी | 12.920 | | |
| | | | | | जीना | 2.720 | | |
| | | | | | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग- | 34.560 | | |
| 8 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | रामसिंह पिता | छत पत्थर की फर्शी,दीवार ईंट मिट्टी की, | 18.960 | निरंक | है |
| | आबादी | | | खचोरा आदिवासी | फर्श पक्का (आवासीय) | | | |
| | | | | | दहलान खण्डर | 50.875 | | |
| | | | | | योग - | 69.835 | | |
| 9 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | बबलू पिता | छत लकड़ी+पन्नी की,दीवार पत्थर मिट्टी की, फर्श कच्चा | 18.200 | निरंक | है |
| | आबादी | | | अमोल आदिवासी | | | | |
| | | | | | योग - | 18.200 | | |
| 10 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | अमोल पिता | छत लकड़ी की,दीवार पत्थर की, फर्श कच्चा (आवासीय) | 14.000 | निरंक | है |
| | आबादी | | | सुक्के आदिवासी | छत खप्पर+लकड़ी की,दीवार पत्थर की,फर्श कच्चा, | 14.350 | | |
| | | | | | दहलान लकड़ी के खंभे,दीवार पत्थर की, | 11.205 | | |
| | | | | | दीवार पत्थर + मिट्टी की,छत शेष | 9.750 | | |
| | | | | | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| 11 | | | | | निरंक | 0.000 | ब्रजेन्द्र पिता अमोल सौर | है |
| | | | | | योग- | 50.745 | | |
| 12 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | पर्वत पिता भूरे | छत सीमेंटशीट + लकडी,दीवार ईंट + मिट्टी, | 25.740 | निरंक | है |
| | आबादी | | | आदिवासी | फर्श कच्चा (आवासीय) | | | |
| | | | | | दहलान छत लकड़ी+पन्नी | 15.180 | | |
| | | | | | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग- | 42.360 | | |
| 13 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | धनीराम पिता | छत सीमेंटशीट, दीवार पत्थर मिट्टी, फर्श कच्चा (आवासीय) | 21.830 | निरंक | है |
| | आबादी | | | सुम्मे सौर | दहलान छत लकड़ी+पन्नी | 15.930 | | |
| | | | | | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग- | 39.200 | | |
| 14 | शासकीय | 117/1 | 1.87 | मुन्नीबाई पति | छत सीमेंटशीट, दीवार पत्थर मिट्टी, फर्श कच्चा (आवासीय) | 31.080 | निरंक | है |
| | आबादी | | | उधम सौर | दहलान छत लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर+मिट्टी, फर्श कच्चा | 19.980 | | |
| | | | | | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग - | 52.500 | | |
| 15 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | लीला पिता सुम्मे | छत खप्पर+मिट्टी, दीवार पत्थर मिट्टी,फर्श कच्चा (आवासीय) | 20.520 | निरंक | है |
| | आबादी | | | सौर | दहलान छतं लकड़ी + पन्नी,फर्श कच्चा | 14.040 | | |
| | | | | | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| 16 | | | | | निरंक | 0.000 | हरिराम पिता लीला सौर | है |
| 17 | | | | | निरंक | 0.000 | लाखन पिता लीला सौर | है |
| | | | | | योग- | 36.000 | | |
| 18 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | रामवती पति | छत खप्पर+चदार, दीवार पत्थर मिट्टी, फर्श कच्चा (आवासीय) | 15.770 | निरंक | है |
| | आबादी | | | रामप्रसाद सौर | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग- | 17.210 | | |
| 19 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | गनपत पिता | छत, सीमेंटशीट + लकड़ी,दीवार ईंट + मिट्टी | 17.640 | निरंक | है |
| | आबादी | | | जगन आदिवासी | की, फर्श कच्चा | | | |
| | | | | | छत शेष। दीवार पत्थर की, फर्श कच्चा | 21.700 | | |
| | | | | | पक्का शौचालय | 1,440 | | |
| 20 | | | | | निरंक | 0.000 | संतोष पिता गनपत | है |
| | | | | | योग - | 40.780 | | |
| 21 | शासकीय | 117/1 | 1.870 7 | बत्तीबाई पति भुलू | छत खप्पर+लकडी की दीवार पत्थर + मिट्टी , | 24.455 | निरंक | है |
| | आबादी | | | सौर | की फर्श कच्चा | | | |
| | | | | | दहलान छत टीन | 9.200 | | |
| | | | | | शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग - | 35.095 | | |
| 22 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | 1-रामसेवक पिता | छत आर.सी.सी. पक्का, दीवार ईंट सीमेंट | 20.720 | निरंक | है |
| | आबादी | | | मुलू आदिवासी | की, फर्श कच्चा (आवासीय) | | | |
| | | | | 2- हीराबाई | छत टीन+लकड़ी, फर्श कच्चा, (दहलान) | 15.340 | | |
| | | | | पति हीरालाल | शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग- | 37.500 | | |
| 23 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | शोभाराम पिता | छत लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर + मिट्टी की, | 16.800 | निरंक | है |
| | आबादी | | | भवंर सौर | फर्श कच्चा (आवासीय) | | | |
| | | | | | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग - | 18.240 | | |
| 24 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | जगदीश पिता | छत खप्पर+लकड़ी की.दीवार पत्थर की, फर्श कच्चा, | 22.713 | निरंक | है |
| | आबादी | | | भवंर सौर | छत खप्पर+लकड़ी की. दीवार पत्थर की, | 27.600 | | |
| | | | | | फर्श कच्चा, (दहलान) | | | |
| | | | | | चबूतरा कच्चा | 7.800 | | |
| | | | | | योग | 58.113 | | |
| 25 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | सुहागरानी पति | छत पक्का आर.सी.सी.दीवार ईंट + सीमेंट की, फर्श पक्का | 14.400 | निरंक | है |
| | आबादी | | | भवंर सौर | शौचालय पक्का | 1.440 | | |
| | | | | | योग- | 15.840 | | |
| 26 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | दुरजन पिता | छत लकड़ी + पन्नी, दीवार पत्थर + मिट्टी की, फर्श कच्चा | 23.523 | निरंक | है |
| | आबादी | | | मुलू सौर | खण्डर | 17.703 | | |
| | | | | | शौचालय पक्का | 1.440 | | |
| 27 | | | | | निरंक | 0.000 | हरकिशन पिता दुरजन सौर | है |
| | | | | | योग - | 42.665 | | |
| 28 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | नेतराम पिता | छत सीमेंटशीट+लकडी, दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा | 25.345 | निरंक | |
| | आबादी | | | रामलाल सौर | छत खप्पर दहलान | 15.755 | | |
| | | | | | लकड़ी का टपरा | 4.000 | | |
| 29 | | | | | निरंक | 0.000 | रामलाल पिता मुलू आदिवासी | है |
| | | | | | योग - | 45.100 | | |
| 30 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | मुन्नी सौर पति | छत पत्थर की पाटे+खप्पर, दीवार पत्थर मिट्टी की फर्श कच्चा | 29,428 | निरंक | है |
| | आबादी | | | परमानंद सौर | छत पत्थर की पाटे+खप्पर, दीवार पत्थर मिट्टी की, | 16.390 | | |
| | | | | | दहलान | | | |
| | | | | | योग- | 45.818 | | |
| 31 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | सुकालबाई पति | छत टीन+पत्थर की पाटे, दीवार पत्थर+मिट्टी, | 31.460 | निर्रक | है |
| | आबादी | | | भवर सौर | फर्श कच्चा (रहवास) | | | |
| | | | | | छत लकड़ी+पन्नी दहलान | 12.870 | | |
| | | | | | शौचालय | 1.440 | | |
| 32 | | | | | निरंक | 0.000 | नंदू पिता भंवर सौर | है |
| | | | | | योग - | 45.770 | | |
| 33 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | लखन आदिवासी | छत टीन+पन्नी की.दीवार पत्थर+मिट्टी की, | 30.870 | निरंक | है |
| | आबादी | | | पिता | फर्श कच्चा (आवासीय) | | | |
| | | | | बब्बू आदिवासी | छत खप्पर+पन्नी की,दीवार पत्थर दहलान | 11.280 | | |
| | | | | | शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग - | 43.590 | | |
| 34 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | कीरतसिंह पिता | पी.एम.आवास, छत फर्शी+गाटर+सीमेंटदीवार | 21.590 | निरंक | है |
| | आबादी | | | लक्ष्मनसिंह गौड | ईंट की पक्की, फर्श पक्का (आवासीय) | | | |
| | | | | | छत सीमेंट, शीट, दीवार पत्थर की पक्की फर्श कच्चा | 9.350 | | |
| | | | | | छत सीमेंट, शीट, दीवार पत्थर की पक्की, फर्श कच्चा | 15.410 | | |
| | | | | | छत सीमेंटशीट, दहलान | 21.233 | | |
| | | | | | शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | कुल योग - | 70.463 | | |
| 35 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | पप्पू पिता | छत लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर मिट्टी की, फर्श कच्चा | 28.058 | निरंक | है |
| | आबादी | | | मुन्नालाल | छत लकड़ी पन्नी दहलान | 13.545 | | |
| | | | | आदिवासी | शौचालय | 1.440 | | |
| 36 | | | | | निरंक | 0.000 | सुनील पिता पप्पू आदिवासी | है |
| | | | | | योग - | 43.043 | | |
| 37 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | हिम्मतसिंह पिता | (आवासीय) छत टीनसेट, दीवार पत्थर मिट्टी, फर्श कच्चा | 24.225 | निरंक | है |
| | आबादी | | | किशन आदिवासी | छत टीन + लकड़ी, दीवार पत्थर+मिट्टी, फर्श कच्चा | 10.150 | | |
| | | | | | पी. एम. आवास छत फर्शी + गाटर + सीमेंट, | 20.440 | | |
| | | | | | दीवार ईंट की पक्की,फर्श पक्का | | | |
| | | | | | शौचालय | 1.440 | | |
| 38 | | | | | निरंक | 0.000 | हरिसींग पिता हिम्मत सौर | है |
| | | | | | योग- | 56.255 | | |
| 39 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | चंद्रेश पिता | छत टीन+पत्थर, दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा, | 20.187 | निरंक | है |
| | आबादी | | | हिम्मतसींग सौर | | | | |
| | | | | | योग - | 20.187 | | |
| 40 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | गोपी सौर पिता | छत खप्पर+लकड़ी, दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा | 22.680 | निरंक | है |
| | आबादी | | | मिश्रीलाल सौर | पी. एम. आवास दीवार ईट की पक्की, फर्श पक्का | 17.510 | | |
| | | | | | शौचालय | 1.440 | | |
| 41 | | | | | निरंक | 0.000 | मोनसींग पिता गोपी सौर | है |
| | | | | | योग- | 41.630 | | |
| 42 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | बूंदाबाई पति | स्टोररूम छत पत्थर की फर्शी, दीवार पत्थर+मिट्टी, | 6.698 | निरंक | है |
| | आबादी | | | मिश्रीलाल | फर्श कच्चा | | | |
| | | | | आदिवासी | जीना | 2.138 | | |
| | | | | | मंदिर पक्का पत्थर की फर्शी का | 1.625 | | |
| | | | | | योग- | 10.461 | | |
| 43 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | बाबूलाल सौर | छत खप्पर+लकड़ी दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा | 12.375 | निरंक | है |
| | आबादी | | | पिता गोपी सौर | | | | |
| | | | | | योग - | 12.375 | | |
| 44 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | रामराज सौर पिता | छत लकड़ी+पन्नी दीवार पत्थर + मिट्टी फर्श कच्चा | 20.460 | निरंक | है |
| | आबादी | | | भंवरलाल सौर | | | | |
| | | | | | योग - | 20.460 | | |
| 45 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | विजय पिता | छत खप्पर+लकड़ीदीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा | 26.270 | निरंक | है |
| | आबादी | | | भंवरलाल सौर | आवासीय | | | |
| | | | | | दहलान छत खप्पर,दीवार पत्थर + मिट्टी | 16.330 | | |
| | | | | | योग - | 42.600 | | |
| 46 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | आजादरानी पिता | खण्डर, छत लकडी + पन्नी, दीवार पत्थर + मिट्टी, | 15.878 | निरंक | है |
| | आबादी | | | जुगराज सौर | फर्श कच्चा | | | |
| | | | | | पी.एम.आवास छत आर. सी.सी. दीवार ईंट की,फर्श पक्का | 17.940 | | |
| | | | | | दहलान लकडी का टपरा | 11.760 | | |
| | | | | | योग- | 45.578 | | |
| 47 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | पार्वती पति | छत नही है। दीवार ईंट , मिट्टी की, फर्श कच्चा, | 19.493 | निरंक | है |
| | आबादी | | | दुर्गा सौर | शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग - | 20.933 | | |
| 48 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | संतोष पिता | दहलान छत खप्पर + लकड़ी,दीवार पत्थर + मिट्टी | 12.880 | निरंक | है |
| | आबादी | | | दुर्गा सौर | छत खप्पर + पन्नी की. दीवार पत्थर रहवास | 19.040 | | |
| | | | | | योग- | 31.920 | | |
| 49 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | हरीराम पिता | छत खप्पर+फर्शीदीवार पत्थर मिट्टी, दहलान | 16.675 | निरंक | है |
| | आबादी | | | दोजे सौर | छत खप्पर+लकड़ी, दीवार पत्थर + मिट्टी, | 26.825 | | |
| | | | | | मकान पी. एम. आवास | 17.420 | | |
| | | | | | शौचालय | 1.440 | | |
| 50 | | | | | निरंक | 0.000 | प्रानसींग पिता हरीराम | है |
| 51 | | | | | निरंक | 0.000 | हेमेन्द्र पिता हरीराम | है |
| | | | | | योग - | 62.360 | | |
| 52 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | पर्वत पिता भंवर | छत खप्पर+लकड़ी,दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा | 22.755 | निरंक | है |
| | आबादी | | | आदिवासी | छत खप्पर+पन्नी दीवार पत्थर + मिट्टी,फर्श कच्चा दहलान | 9.225 | | |
| | | | | | योग- | 31.980 | | |
| 53 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | खिम्मा सौर | आवासीय छत सीमेंटशीट,दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा | 30.420 | निरंक | है |
| | आबादी | | | पिता बब्बु सौर | दहलान छत पत्थर की फर्शी | 13.400 | | |
| | | | | | छत लकड़ी+खप्पर दीवार पत्थर + मिट्टी की, फर्श कच्चा | 32.300 | | |
| | | | | | शौचालय | 1.824 | | |
| | | | | | योग - | 77.944 | | |
| 54 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | लीला पिता | दहलान लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर+मिट्टी, फर्श कच्चा | 12.480 | निरंक | है |
| | आबादी | | | बबलू सौर | आवासीय छत खप्पर+ पन्नी, दीवार पत्थर + मिट्टी | 14.430 | | |
| | | | | | फर्श कच्चा | | | |
| | | | | | योग - | 26.910 | | |
| 55 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | रामकिशन पिता | आवासीय छत, लकड़ी+खप्परदीवार | 29.440 | निरंक | है |
| | आबादी | | | हरीसिंह सौर | पत्थर + मिट्टी की, फर्श कच्चा | | | |
| | | | | | छत नही है । दीवार पत्थर+मिट्टी,फर्श कच्चा खण्डर | 23.200 | | |
| | | | | | शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग - | 54.080 | | |
| 56 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | मानकुवंर पति | छत लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श | 21.600 | निरंक | है |
| | आबादी | | | जाहरसिंह | कच्चा आवासीय | | | |
| | | | | आदिवासी | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग- | 23.040 | | |
| 57 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | सुन्दर पिता | छत लकडी+पन्नी, दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श | 17.160 | निरंक | है |
| | आबादी | | | परमानंद सौर | कच्चा आवासीय | | | |
| | | | | | छत लकडी+पन्नी,दीवार पत्थर + मिट्टी,फर्श कच्चा आवासीय | 11.440 | | |
| | | | | | योग - | 28.600 | | |
| 58 | शासकीय | 117/1 | 7 1.870 | चून्नू आदिवासी | छत लकड़ी+पन्नी,दीवार पत्थर + मिट्टी,फर्श कच्चा आवासीय | 11.840 | निरंक | है |
| | आबादी | | | पिता राम्पे सौर | छत लकड़ी+पन्नी दहलान | 7.140 | | |
| | | | | | योग - | 18.980 | | |
| 59 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | रामबाई पति | मकान पी.एम.आवास छत फर्शी+गाटर, दीवार | 17.768 | निरंक | है |
| | आबादी | | | रामप्रसाद सौर | ईंट की फर्श कच्चा | | | |
| | | | | | छत लकड़ी+पन्नी दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा | 13.600 | | |
| | | | | | शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग- | 32.808 | | |
| 60 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | संदीप पिता | छत लकड़ी+पन्नी,दीवार पत्थर + मिट्टी,फर्श कच्चा | 15.000 | निरंक | है |
| | आबादी | | | खुशाल सौर | छत लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा | 10.000 | | |
| | | | | | योग- | 25.000 | | |
| 61 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | देवेन्द्र पिता सवाल | छत ए.सी. शीट, दीवार ईंट + मिट्टी,फर्श कच्चा | 17.340 | निरंक | है |
| | आबादी | | | सिंह राजपूत | लकड़ी का टपरा | 14.280 | | |
| | | | | | योग- | 31.620 | | |
| 62 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | फूलसींग पिता | पी.एम.आवास पक्का | 17.250 | निरंक | है |
| | आबादी | | | मानसिंह गौंड | छत खप्पर+लकड़ी, फर्श कच्चा | 9.310 | | |
| | | | | | छत टीन + खप्पर, दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा | 32.400 | | |
| | | | | | छत टीन + खप्पर | 16.835 | | |
| | | | | | छत टीन + खप्पर दहलान | 10.658 | | |
| 63 | | | | | निरंक | 0.000 | देवीसींग पिता फूलसींग | है |
| 64 | | | | | निरंक | 0.000 | वीरसींग पिता है फूलसींग | है |
| | | | | | योग - | 86.453 | | |
| 65 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | कमल पिता | छत टीन + खप्पर, दीवार पत्थर + मिट्टी, | 18.200 | निरंक | है |
| | आबादी | | | सुकराम गौंड | फर्श कच्चा, रहवास | | | |
| | | | | | योग- | 18.200 | | |
| 66 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | चन्द्राबाई पति | छत खप्पर + मिट्टी, दीवार पत्थर मिट्टी, फर्श | 17.670 | निरंक | है |
| | आबादी | | | सुकराम गौंड | कच्चा (आवासीय) | | | |
| | | | | | छत टीन + लकड़ी, दीवार पत्थर + मिट्टी, | 15.390 | | |
| | | | | | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| 67 | | | | | निरंक | 0.000 | श्यामकरण पिता सुखराम | है |
| | | | | | योग- | 34.500 | | |
| 68 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | पुरुषोत्तम पिता | छत खप्पर+पत्थर की फर्शी, दीवार पत्थर + मिट्टी की, | 27.520 | निरंक | है |
| | आबादी | | | बलवंत सौर | फर्श कच्चा | | | |
| | | | | | छत नही है। दीवार पत्थर + मिट्टी,फर्श कच्चा खण्डर | 9.600 | | |
| | | | | | शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग - | 38.560 | | |
| 69 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | गुलाबबाई बेवा | छत टीन + लकड़ी, दीवार पत्थर + मिट्टी की, फर्श कच्चा | 38.700 | निरंक | है |
| | आबादी | | | सूरज गौंड़ | छत टीन + लकड़ी, दीवार पत्थर + मिट्टी की, दहलान | 29.700 | | |
| | | | | | छत टीन + लकड़ी, दीवार पत्थर + मिट्टी की, दहलान | 46.250 | | |
| | | | | | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| | | | | | योग- | 116.090 | | |
| 70 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | नन्नू पिता | छत खप्पर + पत्थर की फर्शी | 25.840 | निरंक | है |
| | आबादी | | | कम्मोद सौर | दीवार पत्थर + मिट्टी की,फर्श कच्चा आवासीय | | | |
| | | | | | छत लकड़ी+पन्नी दीवार पत्थर + मिट्टी फर्श कच्चा | 25.080 | | |
| | | | | | दहलान छत लकड़ी का टपरा | 8.400 | | |
| | | | | | गौशाला छत लकड़ी + पन्नी, | 12.740 | | |
| | | | | | पक्का शौचालय | 1.440 | | |
| 71 | | | | | निरंक | 0.000 | हीरालाल पिता नन्नू | है |
| | | | | | योग- | 73.500 | | |
| 72 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | धनसिंह पिता | आवासीय छत लकड़ी + पन्नी दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा | 15.260 | निरंक | है |
| | आबादी | | | रमचे सौर | दहलान छत लकड़ी + पन्नी दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा | 9.520 | | |
| | | | | | योग - | 24.780 | | |
| 73 | शासकीय | 117/1 | 1.870 | राजेन्द्र पिता | रहवास छत सीमेंटशीट, दीवार ईंट + पत्थर की, फर्श कच्चा | 17.000 | निरंक | है |
| | आबादी | | | कमल सौर | लकड़ी का टपरा | 8.160 | | |
| | | | | | योग- | 25.160 | | |

जी-21017 का शेष भाग पृष्ठ 6 पर

जी-21017/23 पृष्ठ 5 का शेष भाग

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 74 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | निरन पिता कमल सौर | रहवास छत खप्पर + लकड़ी, दीवार ईंट की, फर्श कच्चा,<br>दहलान छत लकड़ी+पन्नी दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा<br>जीना<br>दहलान छत लकड़ी+फर्शी | 15.050<br>9.675<br>1.350<br>17.390 | निरंक | है |
| | | | | | योग - | 43.465 | | |
| 75 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | कमल पिता रतन आदिवासी | आवासीय छत,खप्पर + लकड़ी, दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा<br>दहलान छत पत्थर की फर्शी, दीवार पत्थर + मिट्टी फर्श कच्चा<br>पी.एम.आवास, छत गाटर + पत्थर की फर्शी, दीवार ईंट की फर्श कच्चा,<br>शौचालय | 23.010<br>14.750<br>16.500<br>2.640 | निरंक | है |
| 76 | | | | | निरंक | 0.000 | कोमल सौर पिता कमल सौर | है |
| | | | | | योग- | 56.900 | | |
| 77 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | भग्गो पति हरकिशन | आवासीय छत, खप्पर + लकड़ी, दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा<br>छत लकड़ी+पन्नी, दहलान<br>छत लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर+मिट्टी की,<br>पक्का शौचालय | 24.400<br>12.200<br>31.540<br>1.440 | निरंक | है |
| | | | | | योग - | 69.580 | | |
| 78 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | अरविन्द्र पिता हरकिशन सौर | छत सीमेंटशीट, दीवार पत्थर+मिट्टी की, फर्श कच्चा<br>दहलान छत लकड़ी+खप्पर दीवार पत्थर + मिट्टी की, फर्श कच्चा | 32.680<br>17.480 | निरंक | है |
| | | | | | योग- | 50.160 | | |
| 79 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | रतन पिता मंगल सौर | छत लकड़ी + पन्नी, दीवार पत्थर की, दहलान<br>रहवास छत लकड़ी + पन्नी, दीवार पत्थर की,<br>मकान पी.एम.आवास, छत फर्शी + गाटर,, दीवार ईंट की, फर्श कच्चा<br>शौचालय | 13.115<br>25.315<br>13.330<br>1,440 | निरंक | है |
| 80 | | | | | निरंक | 0.000 | नारान सौर पिता रतन सौर | है |
| | | | | | योग - | 53.200 | | |
| 81 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | गुलाबबाई बेवा ग्यारसी | रहवास छत टीन + लकड़ी, दीवार ईंट की, फर्श कच्चा<br>छत लकडी+पन्नी दहलान<br>पी. एम. आवास, छत, गाटर+पत्थर की फर्शी, दीवार ईंट की फर्श कच्चा,<br>शौचालय | 15.840<br>15.680<br>18.190<br>1.440 | निरंक | है |
| 82 | | | | | निरंक | 0.000 | दयाचंद पिता ग्यारसी सौर | है |
| 83 | | | | | निरंक | 0.000 | कल्लू पिता ग्यारसी सौर | है |
| | | | | | योग- | 51.150 | | |
| 84 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | नंदू पिता ग्यारसी सौर | छत लकड़ी+पन्नी दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा | 35.670 | निरंक | है |
| | | | | | योग - | 35.670 | | |
| 85 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | राजबाई पति बब्बू सौर | छत खप्पर+लकड़ी, दीवार पत्थर + मिट्टी की, फर्श कच्चा<br>दहलान छत लकड़ी+पन्नी<br>शौचालय | 18.250<br>20.000<br>1.440 | निरंक | है |
| | | | | | योग- | 39.690 | | |
| 86 | शासकीय चारागाह | 94 | 2.410 | सवालसिंह पिता मचलसिंह राजपूत | छत गाटर + पत्थर की फर्शी दीवार ईंट की, फर्श पक्का कमरा<br>छत पत्थर की फर्शी+गाटर ईंट की दीवार, फर्श पक्का रहवास<br>दुकान छत फर्शी+गाटर,दीवार ईंट की, फर्श पक्का,<br>छत टीन+फर्शी दीवार पत्थर की, फर्श पक्का किचिन<br>छत पत्थर की फर्शी, दीवार ईंट की, फर्शी पक्का गौशाला<br>भोलेनाथ जी का मंदिर चबूतरा<br>पक्का शौचालय | 22.750<br>18.900<br>22.100<br>11.400<br>15.225<br>4.800<br>3.600 | निरंक | है |
| 87 | | | | | निरंक | 0.000 | गिरीश राजपूत पिता सवालसिंह राजपूत | है |
| | | | | | योग - | 98.775 | | |
| 88 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | खुशाल पिता भागीरथ सौर | छत लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा<br>छत लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर + मिट्टी, फर्श कच्चा दहलान<br>शौचालय | 17.860<br>8.740<br>1.440 | निरंक | नही |
| | | | | | योग- | 28.040 | | |
| 89 | शासकीय रास्ता | 71 | 2.760 | निर्भयसिंह पिता निरंनसिंह यादव | छत टीन + लकड़ी,दीवार ईंट + मिट्टी, फर्श पक्का<br>छत, सीमेंटसीट + लकड़ी,दीवार ईंट + मिट्टी, फर्श पक्का | 14.615<br>13.825 | निरंक | नही |
| | | | | | योग - | 28.440 | | |
| 90 | शासकीय रास्ता | 71 | 2.760 | रामबाबू पिता पहाडसिंह यादव | छत टीन+लकड़ी, दीवार ईंट + मिट्टी, फर्श पक्का,<br>छत, सीमेंट सीट+लकड़ी, दीवार ईंट+ मिट्टी, फर्श पक्का | 11.100<br>10.500 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 21.600 | | |
| 91 | शासकीय रास्ता | 71 | 2.760 | कृष्णकुमार पिता छत्तरसिंह ठाकुर | छत टीन+लकड़ी, दीवार ईंट + मिट्टी, फर्श पक्का, रहवास<br>छत, टीन+लकड़ी, दीवार ईंट+मिट्टी, फर्श पक्का दहलान | 15.263<br>15.263 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 30.525 | | |
| 92 | शासकीय रास्ता | 71 | 2.760 | रविशंकर पिता गनेशराम अहिरवार | छत सी.सी., पक्का, दीवार पत्थर+ मिट्टी, फर्श पक्का<br>छत लकड़ी+पाटे, दीवार पत्थर+मिट्टी की, फर्श पक्का | 15.580<br>13.530 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 29.110 | | |
| 93 | शासकीय रास्ता | 71 | 2.760 | देवेन्द्र पिता हजारी अहिरवार | छत टीन+लकड़ी दीवार ईंट+ मिट्टी, फर्श पक्का | 24.120 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 24.120 | | |
| 94 | शासकीय रास्ता | 71 | 2.760 | 1. भगवानदास पिता अनन्तराम अहिरवार<br>2. अनन्तराम पिता जालम अहिरवार | छत टीन+लकड़ी, दीवार ईंट+पत्थर+ मिट्टी फर्श पक्का<br>छत पत्थर की फर्शी दीवार ईंट+मिट्टी, फर्श पक्का<br>छत सीमेंट शीट+लकड़ी, दीवार ईंट+मिट्टी, फर्श पक्का<br>छत टीन+मकान, दीवार पत्थर+मिट्टी फर्श पक्का | 70.850<br>17.515<br>16.275<br>24.840 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 129.480 | | |
| 95 | शासकीय रास्ता | 75/164 | 0.130 | प्रदीप पिता प्रताप कुर्मी | छत टीन+लकड़ी, दीवार लकड़ी के खंभे, फर्श कच्चा | 12.070 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 12.070 | | |
| 96 | शासकीय रास्ता | 75/164 | 0.130 | पुष्पेन्द्र सिंह पिता प्रताप सिंह कुर्मी | छत टीन+लकड़ी, दीवार ईंट मिट्टी की, फर्श पक्का<br>छत पत्थर की फर्शी दीवार ईंट मिट्टी की, फर्श पक्का | 11.055<br>6.030 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 17.085 | | |
| 97 | शासकीय आबादी | 171/1 | 1.870 | लक्ष्मीबाई पति मुकेश राजपूत | छत पत्थर की पाटे+सी.सी. दीवार पत्थर + मिट्टी की, फर्श सी.सी. | 28.520 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 28.520 | | |
| 98 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | सचिन पिता प्रकाश चंदेल | छत गाटर+फर्शी, दीवार ईंट+मिट्टी, फर्श सी.सी.<br>छत टीन+लोहे के एंगल दीवार पत्थर+ मिट्टी की, फर्श पत्थर की पटिया, | 70.680<br>39.770 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 110.450 | | |
| 99 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | मुन्नेखां उर्फ अब्दुल वाहिद पिता रज्जाक खां | छत टीनशेड+लकड़ी, दीवार ईंट+मिट्टी, फर्श कच्चा,<br>छत टीन+लकड़ी+पन्नी, दीवार ईंट+ मिट्टी फर्श कच्चा<br>दहलान कच्चा | 27.300<br>16.380<br>31.360 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 75.040 | | |
| 100 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | रामू पिता उमेद सौर | खण्डर | 22.400 | निरंक | निवास योग्य नहीं |
| | | | | | योग :- | 22.400 | | |
| 101 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | प्रकाश पिता दिलीप सौर | मकान कच्चा क्षतिग्रस्त | 14.880 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 14.880 | | |
| 102 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | घनश्याम पिता मुलू सौर | छत खप्पर+लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर +मिट्टी की फर्श कच्चा (आवासीय)<br>छत लकड़ी+पन्नी+छत | 25.545<br>13.755 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 39.300 | | |
| 103 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | रामलाल पिता मुलू आदिवासी | खण्डर, सिर्फ-पत्थर, छत<br>शौचालय पक्का | 8.370<br>1.440 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 9.810 | | |
| 104 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | पुष्पेन्द्र दांगी पिता हाकमसींग दांगी | छत पत्थर की फर्शी, दीवार पत्थर+ मिट्टी की, फर्श पत्थर की फर्शी<br>छत पत्थर की फर्शी, दीवार पत्थर की फर्शी, फर्श पत्थर की फर्शी दहलान | 26.425<br>17.743 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 44.168 | | |
| 105 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | तुलसीराम पिता बाबूलाल सौर | छत पत्थर की फर्शी, दीवार पत्थर की फर्शी, फर्श पत्थर की फर्शी<br>छत नहीं हैं पत्थर की बाउंड्री (दहलान) | 26.425<br>22.780 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 49.205 | | |
| 106 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | तुलई पिता बाबूलाल सौर | छत लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर+ मिट्टी की, फर्श कच्चा, | 20.655 | निरंक | नहीं |
| | | | | | योग :- | 20.655 | | |
| 107 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | भीकम पिता मनीराम सौर | छल लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर मिट्टी की, फर्श कच्चा<br>छत लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर मिट्टी की, फर्श कच्चा | 10.730<br>19.688 | निरंक | नही |
| | | | | | योग :- | 30.418 | | |
| 108 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | महेश पिता मिश्रीलाल सौर | छल लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर+मिट्टी, फर्श कच्चा | 26.070 | निरंक | नही |
| | | | | | योग :- | 26.070 | | |
| 109 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | अकू पिता गुमान सौर | मकान कबेलू, छप्पर<br>लकड़ी का टपरा<br>पक्का शौचालय | 19.500<br>11.520<br>1.440 | निरंक | नही |
| | | | | | योग :- | 32.460 | | |
| 110 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | कल्लो पति कल्लू | छत लकड़ी+पन्नी, दीवार पत्थर+मिट्टी फर्श कच्चा, आवासीय<br>छत लकड़ी+पन्नी दहलान | 11.000<br>4.000 | निरंक | नही |
| | | | | | योग :- | 15.400 | | |
| 111 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | शिवराज पिता वल्ले सौर | छत टीन+लकड़ी, दीवार ईंट की, फर्श कच्चा | 18.910 | निरंक | नही |
| | | | | | योग :- | 18.910 | | |
| 112 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | राजेन्द्र सिंह पिता श्रीराम सिंह दांगी | छत टीन+लकड़ी दीवार ईंट+मिट्टी फर्श कच्चा (रहवास)<br>छत लकड़ी दीवार पत्थर+मिट्टी की, फर्श कच्चा गौशाला | 14.820<br>14.820 | निरंक | नही |
| | | | | | योग :- | 29.640 | | |
| 113 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | गौतम पिता बुद्दे आदिवासी | छत पत्थर की फर्शी+खप्पर, दीवार, पत्थर+ मिट्टी, फर्श कच्चा | 17.680 | निरंक | नही |
| | | | | | योग :- | 17.680 | | |
| 114 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | नारायण पिता रामदीन गौड़ | पी.एम. आवास छत गाटर+पत्थर की फर्शी, दीवान ईंट की, फर्श कच्चा,<br>छत लकड़ी+पन्नी दीवार पत्थर+मिट्टी, फर्श कच्चा | 21.000<br>23.400 | निरंक | नही |
| | | | | | योग :- | 44.400 | | |
| 115 | शासकीय आबादी | 117/1 | 1.870 | वीरन पिता जगन सिंह गौड़ | छत पत्थर सीमेंट शीट+लोहे पाइप, दीवार पत्थर की फर्शी, फर्श पक्का आवासीय<br>छत नहीं है पत्थर की बाउंड्री (आँगन) | 33.600<br>51.240 | निरंक | नही |
| | | | | | योग :- | 84.840 | | |
| 116 | शासकीय चारागाह | 94 | 2.410 | प्रताप पिता महेन्द्र सिंह दांगी | छत टीन+लकड़ी, दीवार ईंट+मिट्टी, फर्श पक्का (दुकान आटा चक्की)<br>दुकान दहलान छत लकड़ी+पन्नी | 40.320<br>12.600 | निरंक | दुकान संचालित है |
| | | | | | योग :- | 52.929 | | |
| | | | | | **योग :-** | **3707.332** | | |

2- परियोजनांतर्गत भूमि अर्जन के कारण विस्थापित कुटुम्बो के पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन हेतु पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन आयुक्त (आयुक्त महोदय, सागर संभाग सागर) द्वारा पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन नीति का अनुमोदन किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

(1) ग्रामीण क्षेत्र में प्रभावित किसी मकान से वंचित किये जाने की दशा में प्रधानमंत्री आवास योजना विनिर्देशों के अनुसार एक निर्मित मकान उपलब्ध कराया जाएगा जिसका कुर्सी क्षेत्र 50 वर्गमीटर से कम नहीं होगा।

(2) कंडिका-1 में वर्णित फायदों को ऐसे किसी प्रभावित कुटुबों को, जो वासक्षेत्र भूमि से रहित है और जो प्रभावित क्षेत्रों की अधिसूचना की तारीख के पूर्ववर्ती क्षेत्रों की अधिसूचना की तारीख के पूर्यवर्ती तीन वर्ष से अन्यून अवधि तक लगातार क्षेत्र में रह रहा है और जिसे ऐसे क्षेत्र से अनिच्छा से विस्थापित किया गया है भी विस्तारित किया जाएगा।

(3) यदि कोई प्रभावित कुटूंब जो प्रस्थापित मकान को न लेने का विकल्प करता है, तो निर्मित मकान के बदले मकान के समतुल्य खर्च प्रस्थापित किया जा सकेगा।

(4 अर्जन से प्रभावित किसी कुटंब को इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन एक से अधिक मकान नहीं दिया जाएगा।

(5) (क) जहाँ परियोजना के माध्यम से कार्य सृजित किया जाता है वहां अपेक्षित क्षेत्रों में समुचित प्रशिक्षण देने और कौशल विकास करने के पश्चात् प्रत्येक प्रभावित कुटुंब के कम से कम एक सदस्य के लिए उस दर पर जो तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में उपबंधित न्यूनतम मजदूरी से कम न हो, उस परियोजना में नियोजन का उपबंध किया जाना या ऐसी अन्य परियोजना में ऐसे कार्य की, जिसकी अपेक्षा की जाए. व्यवस्था किया जाना ; या

(ख) प्रति प्रभावित कुटुंब पांच लाख रूपये का एक बारगी संदाय ; या

(ग) वार्षिकी पालिसियां, जिनके द्वारा कृषिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता कीमत सूचकांक के समुचित सूचकांकन के अनुसार बीस वर्ष तक प्रति कुटुंब कम से कम दो हजार रूपये प्रति मास का संदाय किया जाएगा।

(6) ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब, जिसे अर्जित भूमि से विस्थापित किया गया है, को अधिनिर्णय की तारीख से एक वर्ष की अवधि तक प्रतिमास तीन हजार रूपये के समतुल्य मासवार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

(7) ऐसे प्रत्येक प्रभावित कुटुंब जो विस्थापित हुआ है, को कुटुंब, भवन सामग्री, घरेलू सामग्री और पशुओं के स्थानांतरण के लिए परिवहन खर्च के रूप में एक बार पचास हजार रूपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

(8) किसी कारीगर छोटे व्यापरी या स्वनियोजित व्यक्ति या ऐसे प्रभावित कुटुंब जिनके स्वामित्वाधीन प्रभावित क्षेत्र में गैर-कृषिक भूमि या वाणिज्यिक औद्योगिक या संस्थागत ढांचा है और जिसे भूमि अर्जन के कारण प्रभावित क्षेत्र से अनिच्छा से विस्थापित किया गया है. ऐसी रकम की वित्तीय सहायता पाएगा जो न्यूनतम पच्चीस हजार रूपये के अधीन रहते हुए समुचित
सरकार, अधिसूचना द्वारा विनिदिष्टि करें।

(9) प्रभावित कुटुंबों को जलाशय में मछली पकड़ने के अधिकार की अनुज्ञा ऐसी रीति में दी जा राकेगी जो समुचित सरकार द्वारा विहित की जाए।

(10) प्रत्येक प्रभावित कुटुब को केवल पचास हजार रूपये का एक बार पुनर्व्यवस्थापन भत्ता दिया जाएगा।

(11) प्रभावित कुटुंबो को आवंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अपेक्षक निकाय द्वारा किया जाएगा।

(12) प्रभावित कुटुबों को आवंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी।

(13) आवंटित भूमि या मकान प्रभावित कुटुंब की पत्नि और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा।

(14) अधिनियम 2013 की तीसरी अनुसूची अनुसार प्रभावित कुटुंबो / जनसमुदाय के पुनर्व्यवस्थापन लिए अध्यपेक्षा प्राधिकारी के खर्चे पर निम्नलिखित अवसंरचनात्मक सहूलियतें और मूलभूत न्यूनतम सुविधाएं, यह सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी कि नए गांव या कालोनी में पुनर्व्यवस्थापित जन समुदाय स्वयं के लिए एक युक्तियुक्त सामुदायिक जीवन स्तर प्राप्त कर सके और विस्थापन से हुए अभिघात को कम करने का प्रयास कर सके। युक्तियुक्त वासयोग्य और नियोजित व्यवस्थापन के लिए न्यूनतम निम्नलिखित सहूलियतें और संसाधन उपलब्ध कराई जावेगी।

(14.1) सभी पुनव्यवस्थापित कुटुंबों के लिए पुनर्व्यवस्थापित ग्रामों के भीतर सड़क और पक्की सड़क मार्ग से जुड़ी बारहमासी सड़क और सुखाधिकार की पर्याप्त व्यवस्था की जाए।

(14.2) वास्तविक पुनर्व्यवस्थापन के पहले उचित निकासी और स्वच्छता योजनाएं निष्पादित की जाएं।

(14.3) भारत सरकार द्वारा विहित मानकों के अनुसार प्रत्येक कुटुंब के लिए सुरक्षित पेयजल का एक अधिक सुनिश्चित संसाधन ।

(14.4) पशु के लिए पेयजल की व्यवस्था ।

(14.5) राज्य की स्वीकार्य अनुपात के अनुसार चारागाह

(14.6) उचित मूल्य की दुकान की युक्तियुक्त संख्या

(14.7) यथेचित पंचायत घर

(14.8) विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्व्यवस्थापन के लिए स्थापित सभी नए ग्रामों को उपयुक्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जिसमें नजदीकी विकास केन्द्र / शहरी रिहायशों से स्थानीय बस सेवाओं के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं अवश्य सम्मिलित होनी चाहिए।

(14.9) जाति समुदायों और उनकी प्रथाओं के आधार पर कब्रिस्तान या शवदाह गृह

(14.10) स्वच्छता के लिए सुविधाएं जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत प्रसाधन बिन्दु

(14.11) प्रत्येक घर और सार्वजनिक प्रकाश के लिए व्यक्तिगत एकल विद्युत कनेक्शन (या सौर ऊर्जा जैसे ऊर्जा के गैर-परंपरागत संसाधनों के माध्यम से कनेक्शन)

(14.12) शिशु और माता को पूरक पोषणीय सेवाएं उपलब्ध कराने वाली आंगनबाड़ी

(14.13) नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (2009 का 35) के उपबंधों क अनुसार विद्यालय विद्यालय

(14.14) दो किलोमीटर क्षेत्र के भीतर उप स्वास्थ्य केन्द्र

(14.15) भारत सरकार द्वारा यथाविहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

(14.16) बच्चो के लिए क्रीड़ा क्षेत्र

(14.17) प्रत्येक सौ कुटुंबों के लिए एक सामुदायिक केन्द्र

(14.18) प्रभावित क्षेत्र की संख्या और उनके आयाम से संगत प्रत्येक पचास कुटुंबों के लिए पूजा स्थल और सामुदायिक सभा के लिए चौपाल/वृक्ष चौतरा

(14.19) व्यवस्थापन के लिए समुचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए यदि आवश्यक हो

(14.20) मानको के अनुसार पशुपालन सेवा केन्द्र ।

(15) प्रभावित कुटुबों के पुनर्व्यवस्थापन हेतु तहसील खुरई के ग्राम जगदीशपुरा में शासकीय भूमि खसरा नंबर 57 का कुल रकवा 15.460 है. में से हस्तांतरित रकवा 13.71 है. भूमि न्यायालय कलेक्टर, सागर के प्रकरण क्रमांक-0102 अ/19 (3) वर्ष 2019-20 में पारित आदेश दिनांक 03. 03.2020 द्वारा परियोजना प्रबंधक बीना पी.एम.यू. जल संसाधन विभाग सागर को आवंटित की गयी है तथा गौजा जगदीशपुरा स्थित भूमिस्वामी स्वत्व की भूमि खसरा नम्बर 49, 52, रकवा क्रमश: 7.130, 0.930 है. भूमि प्रभावित कुटुबों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन हेतु अर्जित की गई है जिस पर हनौता सिंचाई परियोजनातर्गत प्रभावित कुटुबों को उपरोक्तानुसार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन नीति के तहत एक 50 गुना 20 वर्गफुट का आवासीय भू-खण्ड मौजा जगदीशपुरा की भूमि आवंटित होने पर प्रभावित कुटुंबों की मांग अनुसार आवंटन की कार्यवाही लाटरी के माध्यम से की जावेगी।

(16) उपरोक्तानुसार लाभ एवं सुविधायें प्रभावित व्यक्तियों को प्रभावित ग्राम / मकानों में अधिनियम 2013 की धारा 11 के प्रकाशन दिनांक के पूर्व तीन वर्ष से अन्यून अवधि तक लगातार क्षेत्र में निवास करने की स्थिति में ही देय होगे तथा धारा 11 के प्रकाशन दिनांक के पूर्व तीन वर्ष से अन्यून अवधि तक लगातार क्षेत्र में निवास को प्रमाणित किये जाने हेतु दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने का उत्तरदायित्व संबंधित प्रभावित कुटुबों (व्यक्तियों) का होगा।

(17) अधिनियम की धारा 3डी के तहत प्रभावित कुटुंब (व्यक्ति) द्वारा 18 वर्ष की आयु धारा 11 की प्रारंभिक अधिसूचना दिनांक के पूर्व पूर्ण किये जाने का प्रमाण प्रस्तुत किये जाने पर ही उपरोक्तानुसार सुविधायें एवं लाभ प्रभावित व्यक्ति / कुटुंब को दिया जायेगा ।

3- अधिनियम 2013 की धारा 21 के तहत हितबद्ध व्यक्तियों को यह भी सूचित किया जाता है कि सरकार का आशय भूमि का कब्जा लेने का है और ऐसी भूमि में सभी हितों के लिए प्रतिकरों और पुर्नवास तथा प्रतिस्थापन के दावे कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी खुरई जिला सागर के कार्यालय में दिनांक 08.11.2023 को प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से या अभिकर्ता द्वारा या अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर भूमि में अपने-अपने हितों की प्रकृति तथा ऐसे हितों के लिए प्रतिकर के दावों की रकम और विशिष्टियां, धारा 20 के अधीन किए गए मापों के संबंध में आक्षेप यदि कोई हो, के साथ पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के दावे प्रस्तुत कर सकते है।

भूमि के नक्शे तथा प्लान का निरीक्षण कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी खुरई जिला सागर एवं परियोजना संचालक बीना पी. एम. यू. जल संसाधन विभाग हनौता सिंचाई परियोजना सागर जिला सागर के कार्यालय में किया जा सकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(सौरभ रैकवार)**<br>**सहायक परियोजना प्रबंधक**<br>**बीना पी.एम.यू. जल संसा.वि.**<br>**सागर जिला सागर** | **(सौरभ त्रिवेदी)**<br>**परियोजना प्रबंधक**<br>**बीना पी.एम.यू. जल संसा.वि.**<br>**सागर जिला सागर** | **(रवीश श्रीवास्तव)**<br>**अनुविभागीय अधिकारी एवं**<br>**भू-अर्जन अधिकारी**<br>**खुरई जिला सागर** | **(दीपक आर्य)**<br>**कलेक्टर जिला सागर**<br>**एवं पदेन उप सचिव**<br>**मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग** |

जी-21017/23

गोना-करोला गांव का मामला

# मुरम का उत्खनन करते वनकर्मियों ने ट्रैक्टर पकड़ा



**पलेरा, देशबन्धु।** वन भूमि पर लगातार उत्खनन किए जाने की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए वन मंडलाधिकारी अधिकारी के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पाकर बन अमले ने कार्यवाही की है। यह पूरा मामला पलेरा जनपद क्षेत्र के गोना करोला गांव का बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोना कोरोला गांव की कक्ष क्रमांक पी 281, मैं अवैध उत्खनन करते हुए एक लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर को मय ट्राली के जिसमें अवैध मुरम भरी हुई थी। वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए जप्त कर लिया है।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन भूमि पर अवैध उत्खनन करते पाए गए ट्रैक्टर को जप्त करते हुए शनिवार को भारतीय वन अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। उक्त कार्रवाई में डिप्टी रेंजर केसरी सिंह घोष, ललित राय, धीरज सोनी, विकास वर्मा, आरती कुशवाहा, संजय दीक्षित, सूर्य प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह एवं जतारा वन स्टाफसे डिप्टी रेंजर रियाज काजी, अनिल द्विवेदी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जनपद पंचायत के ग्राम करमोरा का पंचायत भवन चोरी!




**जतारा, देशबन्धु।** चोरी सोने चांदी आभूषणों जेवरात मोटरसाइकिल वहन एवं अन्य सामानों की चोरी आपने काफी अच्छी तरह से सुना होगा पर आपको बता दूं एक ऐसी चोरी की वारदात आपने सुनी नहीं होगी। आपको मैं बता दूं जतारा जनपद की ग्राम पंचायत करमोरा में ग्राम पंचायत भवन चोरी हो गया ग्राम करमोरा के ग्रामीणो ने कहा। आपको बता दे की जनपद पंचायत जतारा की ग्राम पंचायत करमोरा में वर्ष 2013ध14 में बीआर जी एफ, एवं मनरेगा योजना के तहत 12 लाख 85 हजार रुपए की लागत से निर्मित ग्राम पंचायत भवन का निर्माण किया गया था। पंचायत भवन का दफ्तर गांव से भवन सहित चोरी हो गया है। जिससे ग्राम पंचायत सचिव से लेकर ग्रामीणों चोरी हो जाने के बाद उक्त दफ्तर को खोज रहे हैं, लेकिन वह दफ्तर सरकारी फाइलों में तो निर्माण कार्य होने और राशि खर्च होने पर सरकारी दस्तावेजों में तो मिल रहा है, पर धरातल से यह दफ्तर गायब हो गया है। जिसको लेकर लोग भी चिंतित हैं, और जब इस मामले को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों से बात की गई तो वह भी असमंजस में पड़ गई है। फिर हाल अधिकारियों ने उक्त मामले की जांच करने की बात कही है। वही ग्राम पंचायत करमोरा के ग्रामीण लोगों ने कहा अभी तक तो लोगों के घरों से जेवरात एवाहन एवं अन्य जरूरी सामान चोरी होने की शिकायत सामने आती थी, लेकिन पहली बार किसी ग्राम पंचायत का सरकारी दफ्तर चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। जबकि कुछ ग्रामीण यह कह रहे हैं कि पंचायत भवन पर पूर्व सरपंच ने अपना अवैध कब्जा कर लिया गया है। जबकि वर्तमान उप सरपंच से लेकर ग्रामीण यह कह रही है कि पंचायत भवन कहां है। यह तो पता नहीं है बना या नहीं बना लेकिन इतना जरूर है कि वर्तमान में ग्राम पंचायत का दफ्तर माता मंदिर के पास स्थित सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है। अब इस मामले के सामने आने के बाद न केवल ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं बल्कि प्रशासनिक अधिकारी भी अब पुरानी फाइलें खोजने में जुट गई है। लेकिन वह मौके से गायब हैए लोगों का कहना है किए कागजों में बना।

## पलेरा में विधानसभा निर्वाचन संपत्ति विरूपण के संबंध में बैठक आयोजित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेष शर्मा के आदेशानुसार जनपद पंचायत पलेरा में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को मद्देनजर विधानसभा निर्वाचन संपत्ति विरूपण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विधानसभा निर्वाचन संपत्ति विरूपण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा आवष्यक निर्देष दिये।

## शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भव मेला आयोजित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सोभाराम रोशन के मार्गदर्शन में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टीकमगढ़ मंगल भवन में आज आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला में हेल्थ व वेलनेस सेंटर के माध्यम से डॉ सिद्धार्थ रावत ब डाक्टर वर्षा बिलथरे द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच, एन.सी.डी. स्क्रीनिंग, सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग, टी.बी. उन्मूलन के संबंध में आम जनता को जागरुक किया गया। स्वास्थ्य मेले में बीमार व्यक्तियों का उपचार के साथ-साथ स्वास्थ्य मेलें में आभा आईडी भी बनायी गयी। जिन पात्र हितग्राहीयों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना उनके कार्ड बनाये गये। इस दौरान पात्र हितग्राहियों की ई दृकेवायसी कर पीवीसी आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। आयुष्मान दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य मेलों में सभी प्रकार की जांच, उपचार, दवा वितरण के साथ साथ स्वस्थ्य रहने के लिए वैलनेस गतिविधियां भी करायी गईं एवं रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सहायक जिला कार्यक्रम प्रबंधक अंकित रावत ब समस्त यूपीएससी स्टाफ उपस्थित रहे।

# बोरी में 32 लाख व कुमराऊ खिरिया 1.47 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन





**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधायक राकेश गिरी द्वारा लगातार अपने ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र में विकास की गंगा की बहाने के उद्देश्य को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर भूमि पूजन एवं नवनिर्मित निर्माण कार्यों के लोकार्पण किया जा रहे है। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत बौरी में विधायक राकेश गिरी ने नवनिर्मित स्वागत प्रवेश द्वार 10 लाख रुपए की राशि का प्राथमिक शाला बौरी बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य, सीसी रोड निर्माण (कमलेश यादव के घर से सुरेश यादव के घर तक), सीसी रोड निर्माण कार्य (हरिजन बस्ती हनुमान सागर), राधा कुंज उपवन पार्क ग्राम पंचायत बोरी मंदिर, बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य (कारस देव बाबा के पास), टीन सेड निर्माण कार्य (कारस देव बाबा के पास), सहित 32 लाख रुपए की राशि के ग्रामवासियों एवं सरपंच के साथ भूमि पूजन एवं लोकार्पण किए। साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विधायक राकेश गिरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं उन्होंने ग्राम पंचायत बोरी में पहुंचकर हनुमान जी एवं शंकर भोलेनाथ जी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया इसके साथ ही विधायक राकेश गिरी ने आयोजित कार्यक्रम में आई जनता जनार्दन को शासन की योजनाओं के तहत संबोधित किया एवं उनकी समस्याएं सुनी साथ ही समस्याओं का निराकरण करने हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। वही विधायक राकेश गिरी ने शुक्रवार की शाम ग्राम पंचायत कुमराऊ खिरिया में 1.47 करोड़ की लागत राशि से निर्मित होने वाले शासकीय हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य का जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों के साथ भूमिपूजन किया। साथ ही भूमि पूजन के दौरान विधायक राकेश गिरी ने कहा कि हाई स्कूल निर्माण होने से यहां के बच्चों को यहां से दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी यही ग्राम पंचायत में ही लगने वाली हाई स्कूल में पढ़ाई के लिए सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष ललित अहिरवार, सरपंच उमेश मीरा अहिरवार, संजय अवस्थी, मंडल अध्यक्ष प्रवीण नामदेव, डॉक्टर देवकांत, कैलाश यादव पूर्व सरपंच, हरीश अहिरवार, श्याम यादव, बलराम अहिरवार, लल्लूराम यादव, देवी चरण यादव, छोटे लाल यादव,

## 1270 छात्र-छात्राओं ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा



जतारा। छात्रों के आध्यत्मिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक नव निर्माण के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से आयोजित की जाने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा शनिवार को दोपहर 12 से 1 बजे तक नगरीय सहित ग्रामीण इलाकों के सरकारी एवं निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालय में आयोजित की गई। जिसमें पांचवी से लेकर स्नातक तक के 1270 छात्रों ने उपस्थिति देकर परीक्षा दी। गायत्री परिवार संस्कृति ज्ञान परीक्षा के तहसील संयोजक ओपी दीक्षित एवं सहसंयोजक सैन ने बताया कि यह परीक्षा नगरीय स्तर पर कन्या हाई सेकेंडरी जतारा, बालक उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल जतारा, पॉलिटेक्निक कॉलेज, डिग्री कॉलेज, जगतनारायण कॉलेज, सी एम राइज, मॉडल स्कूल, ड्रीमवेली गांधीग्राम, सुषमा किड्स स्कूल, जेबी मिशन, माध्यमिक शाला जतारा, साईनाथ हाइस्कूल, मदर टेरेसा हाई स्कूल, डेफोडिल हाइस्कूल, संत जेवियर, में संपन्न हुई। वहीं ग्रामीण इलाकों में हाइस्कूल एवं माध्यमिक के सेक्सनों में हाई स्कूल सिमरा माध्यमिक शाला सिमरा, मांची, वेरवार, टानगा, जरया, दिनउ, करमोर, लार खुर्द, ताल लिधौरा, कंदवा में आयोजित हुई।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**पन्ना, देशबन्धु।** गुनौर थाना पुलिस ने महिला के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जिसे जेल भेज दिया गया।

घटना के संबंध में बताया गया कि महिला अपने पति के साथ थाना गुनौर उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दो दिवस पहले जब अपने घर के अंदर सो रही थी तभी उसके परिवार का जेठ के लड़के के द्वारा उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया है पीड़िता की सूचना पर थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 403/23 धारा 376, 457, 506 भादवी का पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण महिला संबंधी गंभीर मामला होने से पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा के द्वारा गुनौर थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार को तत्परता के साथ आरोपी की गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एसडीओपी गुनौर ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन में थाना गुनौर से टीम गठित कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तत्परता से प्रयास किए गए एवं संभावित स्थानों पर दबिस दी गई। जिसके परिणामस्वरूप आसूचना के आधार पर प्रकरण के आरोपी को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी के साथ उपनिरीक्षक केशव सिंह, रचना पटेल थाना अमानगंज, राकेश कुमार, चुन्नीलाल वर्मा, रणधीर सिंह, शैलेंद्र बागरी, ब्रिजेश घोषी, माधव प्रसाद की भूमिका रही।

# तार चोरी के 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** देवेन्द्र नगर थाना पुलिस ने केबिल तार चोरी करने वाले दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। मामले के संबंध में पांच अक्टूबर को फरियादी राजेश पांडेय पिता महेंद्र कुमार पांडेय उम्र 39 साल निवासी देवेंद्रनगर ने थाने में आकर रिपोर्ट किया कि राइस मिल के लिए लगी केबिल तार 4 अक्टूबर 23 को रात्रि में अज्ञात चोर काटकर ले गये। जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 338/23 धारा 379 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि रतीराम प्रजापति द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई जिस पर पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस थोटा द्वारा चोरी के अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी कर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उप निरी. आरआर प्रजापति के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की जाकर अज्ञात आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।

पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर संदेही उमेश कोरी पिता दीनदयाल कोरी एवं धर्मेंद्र प्रजापति को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई जिनके द्वारा घटना घटित करना स्वीकार किया। जिनके कब्जे से चोरी गया केबिल तार 50 मीटर कीमती करीब 30 हजार रुपये का जप्त किया गया एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पन्ना पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल पन्ना दाखिल किया गया।

विकास कार्यो का किया भूमिपूजन

# हम सभी की जिम्मेदारी, यह व्यवस्था अध्यात्मिक है: पटेल



**दमोह देशबन्धु।** मैं प्राणनाथ के बारे में एक बात जरूर कहूंगा कि 300-400 वर्ष पहले जब छत्रसाल बुंदेला को अपना आर्शीवाद दिया था, छत्रसाल बुंदेला पर उनकी जो कृपा थी, उसको अगर देखे तो राज्यसत्ता पर या व्यक्तिगत रूप से व्यक्ति अपने रास्ते से हट नहीं सकता यह मैं अपने दावे के साथ कह सकता हूं। हम सभी की जिम्मेदारी है, यह जो व्यवस्था है वह आध्यात्मिक व्यवस्था है। संस्कार देने और संस्कार लेने का हमारा जो संबंध है, यह दिनो-दिन मजबूत होना चाहिए और इसलिए मैं गर्व के साथ कहता हूं, यदि यहां पर 95.83 लाख रूपये के खर्च से जो चीज बनेगी, जो लोग श्रृद्धा भाव से यहां आये है उन्हें मदद जरूर मिलेगी। इस आशय के विचार केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ग्राम बिलानी में पर्यटन विकास निगम की ओर से पार्किंग, डे शेल्टर शेड, पेवर ब्लॉक कार्य आदि कार्यो के भूमिपूजन उपरांत व्यक्त किये। उन्होंने भगवान प्राणनाथ जी के दर्शन कर आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बजाज, गोपाल पटैल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, पूर्व विधायक लखन पटैल , लखन व्यास, पूर्व जनपद अध्यक्ष डॉ आलोक अहिरवार मौजूद थे। उन्होंने कहा मैंने भी स्वच्छता के काम किये है और अभी भी करता हूं, जहां भी मुझे मौका मिलता है मैं सफाई का काम छोड़ता नहीं हूं। मैं जब नर्मदा घाट पर जाता हूं, तो पहले कचरा साफकरता हूं फिर दूसरा काम करता हूं। जिसको मैंने माँ माना उसको मैं गंदा नहीं देख सकता। जो प्राणनाथ को भगवान मानते है, उनके प्रति समर्पण व्यक्त करते है, कम से कम उस प्रांगण को स्वच्छ रखने का संकल्प हमको लेना चाहिए। प्राणनाथ तो सुंदर है, लेकिन उनका प्रांगण भी बहुत सुंदर है, इसका संकल्प हमें लेना चाहिए। उन्होंने कहा मैं यह आग्रह करूंगा की यहां की स्वच्छता, सुंदरता और यहां की सुरक्षा सदैव मजबूत होती रहेगी, यही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए।

## जिला चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर प्रदेश महामंत्री मनु मिश्रा के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

**दमोह देशबन्धु।** दमोह जिला अस्पताल में मरीजों को हो रही समस्याओं तथा इमरजेंसी ओपीडी का शुल्क 50 किए जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री पंडित मनु मिश्रा एवं कांग्रेसियों ने सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के विषय में प्रदेश महामंत्री पंडित मनु मिश्रा ने बताया की दमोह जिला चिकित्सालय में इमरजेंसी ओपीडी की राशि 50 किए जाने की सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त हुई थी जिला चिकित्सालय में आर्थिक रूप से कमजोर और सामान्य वर्ग के लोग आकर अपना इलाज करते हैं इस तरह से ओपीडी की राशि बढ़ाई जाने से उनको असुविधा होगी तथा आर्थिक बोझ भी पड़ेगा। इस तरीके से मनमाने शुल्क वसूला जा रहा है इस पर तत्काल रोक लगाई जाने की मांग की गई। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री पं मनु मिश्रा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा, संजय चौरसिया, बसंत कुशवाहा, अजय जाटव, के के अग्रवाल, पप्पू कुशवाहा, राजकुमार कछवाहा, मुकेश रोहित, पार्षद रफीक खान, हेमराज भइया, सोनू सोदिया, खिल्लू ठाकुर, एके चिश्ती, अंबर असाटी, धर्मेंद्र ठाकुर, शेरू भैया, राजा खान ,आरिश खान एवं समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, 1 की मौत, महिला और बच्चा गंभीर घायल



**दमोह देशबन्धु।** दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे के सिंग्रामपुर के समीप नाला की अंधी मोड़ पर सड़क हादसा सामने आया.। प्राप्त जानकारी अनुसार जबलपुर निवासी अभिषेक चौधरी उर्फ विक्की अपनी भाभी के साथ जबलपुर से बांदकपुर हिंडोरिया के लिए बाइक क्रमांक एमपी 34 एम के 3746 पर घर से निकले थे और सिग्रामपुर के मंदिर के पास अंधी मोड़ पर जबेरा की ओर आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, हादसे में 20 वर्षीय अभिषेक ऊर्फ विक्की की घटना स्थल पर मौत हो गई.। वहीं उसकी भाभी और 3 साल के भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी एस.आर. रिछारिया, सिंग्रामपुर एएसआई रवि शंकर डिम्मा अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे ।जिसके बाद घायलों को डायल 100 की मदद से जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपचार के लिए ले जाया गया है। जहां पर घायलों का इलाज जारी हे। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रैली निकालकर किया मतदाताओं को जागरूक



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत पिछले विधानसभा चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम किया जा रहा हैं। इसी क्रम में हटा और जबेरा विधानसभा के पूर्व में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों में विभिन्न तरह की गतिविधियों अतंर्गत रैली निकाल कर जागरूकता का संदेश देते हुए मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया ताकि आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 में अधिक से अधिक संख्या में मतदाता मतदान कर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर इस लोकतंत्र को सफल बनाएं।

**स्वीप प्लान के तहत मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित:** लक्ष्मनकूटी सेक्टर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़िया में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्राओं को मेहंदी प्रतियोगिता आयोजन प्राचार्य शोभा दीवान की उपस्थिती में किया गया। जिसमें शाला की छात्राओं द्वारा बाढ़ चढ़ के हिस्सा लिया गया और एक से बढ़कर एक मेहंदी की डिजाइन हाथों पर बनाई गई। जिसमें हाथों पर ईवीएम मशीन का चित्र और मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सिलोगन लिखे गए जैसे कि सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, मतदान करने जाना है अपना फर्ज निभाना है आदि सभी छात्राओं के लिए पुरस्कार की घोषणा प्राचार्य शोभा दीवान द्वारा की गई और सभी छात्रों का उत्साह वर्धन किया गया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सागर (म.प्र.)

**दूरभाष क. 07582-224269 E-mail-eephe_sagar@yahoo.co.in**

क्र. 2542/निविदा प्रकोष्ठ/कां.यं./लो.स्वा.यॉं./खण्ड.सागर — दिनांक 3.10.2023

**संक्षिप्त निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से सागर जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड सागर क्षेत्रांतर्गत में आनलाईन निविदा http://www.mptenders.gov.in दिनांक 12.10.2023 सायं 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| सं.क्र. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य | कार्य की अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्र. 50/03.10.2023 | 2023_PHED_314211_1 | जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला हेतु सामग्री प्रदाय कार्य | 19.97 | 37940/- | रू.2000/- |

निविदा में संशोधन ऑनलाईन ही देखें जा सकेंगे।

जी-21082/23

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना**

देशबन्धु

# परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी को लेकर कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने बीना-मालथौन रोड़ पर किया चक्काजाम



**बीना, देशबन्धु।** कन्या महाविद्यालय की छात्राओं के परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी को लेकर छात्राओं ने बीना-मालथौन रोड़ पर चक्काजाम लगा दिया। जिससे वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं छात्राएं परीक्षा परिणाम सुधारने की मांग कर रही हैं। छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर से महाविद्यालय जुड़ने के बाद विद्यार्थियों की परेशानियां कम नहीं हो रही हैं। चार माह के बाद विश्वविद्यालय ने परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें कई छात्राओं को पूरक, तो कुछ को फेल कर दिया गया है। यही नहीं परीक्षा देने के बाद भी छात्राओं को अनुपस्थित दर्शाया गया है। इसी के साथ छात्राओं का कहना है कि एक ही कक्षा में तीन 3 साल खराब हो गए हैं। परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर छात्राओं में आक्रोश है। गुरुवार को जहां छात्राओं ने प्रदर्शन कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद शुक्रवार को बीना विधायक महेश राय कॉलेज पहुंचे थे, जहां उन्होंने फोन पर कुलपति से चर्चा भी की थी। इसके बाद शनिवार को छात्राओं ने परीक्षा परिणाम सुधारने की मांग को लेकर बीना-मालथौन सड़क पर चक्काजाम लगा दिया है।

## एनएसयूआई ने परीक्षा परिणाम सुधारने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बीना, देशबन्धु।** कॉलेजों में विभिन्न संकायों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम में हुई गड़बड़ी के बाद एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने परीक्षा परिणाम सुधारने की मांग को लेकर नगर के पीजी कॉलेज में प्रदर्शन कर छत्रसाल विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम का ज्ञापन कॉलेज प्राचार्य को सौंपा। एनएसयूआई ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय ने बीए, बीकॉम और बीएससी के प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष और एमकॉम का जो परीक्षा परिणाम आया है वह बहुत ही निंदनीय है। इससे छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। कई विद्यार्थियों को एक अंक दिया गया है या फिर एक अंक से फेल कर दिया गया है। जिससे शिक्षा के क्षेत्र में कई प्रश्न चिन्ह खड़े हो गए हैं। विभिन्न संकायों की परीक्षा परिणाम सुधारने की मांग को लेकर एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव नरेंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि एक ओर शासन छात्रों के हित की बात करती है। वहीं दूसरी ओर महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है जो की अनुचित है और शिक्षा के क्षेत्र में कई सवालिया निशान खड़े हो रहे है। यदि 7 दिवस के अंदर परीक्षा परिणाम नहीं सुधारा गया, तो हम सभी उग्र आंदोलन करेंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया ने बताया कि इस बार विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं आया है। इसकी वजह से छात्र संगठन ने ज्ञापन सौंपा है। वह ज्ञापन कुलपति को भेजा जाएगा। इसमें निदान के लिए उनसे निवेदन किया जाएगा। उम्मीद है कि इसमें जो भी सुधार संभव होने की संभावना है वह जरूर होगा।

## पुलिस ने स्कॉर्पियो में रखी हुई 90 लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपियो को किया गिरफ्तार







**बीना, देशबन्धु।** बीना थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने बताया कि मुखबिर की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संजीव उईके, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रशांत सिंह सुमन के नेतृत्व में कार्रवाई कर, खुलासा किया कि पुलिस ने गश्त के दौरान सुभाष वार्ड से एक स्कार्पियो से 90 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही दस पेटी शराब को जब्त कर पुलिस आगे की जांच में जुट गई है। बीना पुलिस के उप निरीक्षक कमल सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि सुभाष वार्ड में बड़ी मात्रा में अवैध शराब लाई गई है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विक्रम उर्फ विक्की पिता शेरसिंह लोधी 20 निवासी ग्राम ढुरूआ और उसके एक नाबालिग साथी को स्कार्पियो वाहन क्रमांक एचआर 51 एएल 0793 में अवैध देशी शराब की दस पेटी कुल 90 लीटर कीमत करीब 45 हजार रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकर, कमल सिंह, महेन्द्र, जाहर, दीप सिंह, दलजीत, अमित और मलखान की भूमिका रही।

## चौकी दलपतपुर थाना बंडा ने पकड़ी बड़ी मात्रा में अवैध शराब



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब की बिक्री, परिवहन की रोकथाम हेतु सख्ती से कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थ अवैध शराब को पकड़ने हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम लिधौरा में देवेंद्र गौड़ के अधिपत्य के घर में छुपा कर रखी गई है। पुलिस द्वारा सूचना की तस्दीक की गई उक्त घर से पुलिस के द्वारा चेक करने पर 14 पेटी देशी लाल मदिरा 1 पेटी सफेद प्लेन कुल कीमत 51 हजार की बरामद की गई। आरोपी देवेंद्र गौड़, सोनू जैन पुलिस को देखकर मौके से भाग गए। जप्तकर प्रकरण बनाया गया, आरोपियों की तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक एमएल धुर्वे चौकी प्रभारी दलपतपुर, नरेंद्र, अशोक, गुलाब की भूमिका रही।

## शांति समिति की बैठक कल

**सागर, देशबन्धु।** देवी प्रतिमा स्थापना, दशहरा एवं अन्य त्यौहारों के संबंध में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक 9 अक्टूबर को सायं 5 बजे कलेक्टर दीपक आर्य की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

## सार-समाचार

### वन वृत के हेमंत कुमार यादव वन्य प्राणी संरक्षण पुरस्कार के लिए चयनित





**सागर, देशबन्धु।** वन वृत्त के उप वन संरक्षक हेमंत कुमार यादव का वन्य प्राणी संरक्षण पुरस्कार 2023 के लिए चुना गया है। उन्हें यह पुरस्कार उप वन संरक्षक श्रेणी के अंतर्गत दिया गया है। राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष वन्य प्राणी संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को अन्य वन्य प्राणी संरक्षण पुरस्कार दिया जाता है। ये पुरस्कार विभिन्न श्रेणी में दिये जाते है।

### उप्र के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज सागर प्रवास पर



**सागर, देशबन्धु।** उप्र के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक आज सागर प्रवास पर रहेंगे जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि शाम 5 बजे सागर पहुचेंगे। प्रवास के दौरान होटल रॉयल पैलेस में आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया, साथ ही आयोजन के सफल संचालन हेतु डॉ. अनिल तिवारी को प्रभारी नियुक्त किया। बैठक में अनुराग प्यासी, वीरेंद्र पाठक, श्याम तिवारी, यश अग्रवाल, मनीष चौबे, मुकेश साहू सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### ब्रजेश टिंकल सैनी जिला सहसंयोजक नियुक्त



**सागर, देशबन्धु।** जिला संयोजक मुकेश साहू ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया, प्रदेश संयोजक बुद्धिजीवी प्रकोष्ट अनुराग प्यासी की अनुशंसा एवं वरिष्ठ नेतृत्व की सहमति से बुद्धिजीवी प्रकोष्ट सागर की जिला कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें ब्रजेश टिंकल सैनी, शैलेन्द्र साहू, अखलेश केशरवानी जिला सहसंयोजक, पवन गौतम, देवेन्द्र उपाध्याय, प्रयाग तिवारी, संतोष रोहित बेकरी, नरेन्द्र साहू, इन्दर गुप्ता, किशोर हरोडा, जयराम विश्वकर्मा को जिला सदस्य नियुक्त किया है।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री राज्यसभा सांसद का बीना आगमन पर हुआ स्वागत



**बीना, देशबन्धु।** भानगढ़ पंचायत में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में पधारी भाजपा प्रदेश की महामंत्री राज्यसभा सांसद भाजपा महिला मोर्चा और युवा मोर्चा की प्रदेश की प्रभारी कविता पाटीदार का बीना में ज्योति दुबे प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा के निवास पर युवाओं ने एवं मातृशक्ति ने वरिष्ठ जनों ने स्वागत किया। जिसमें प्रदेश कार्य समिति सदस्य युवा मोर्चा वैभव दुबे ने बताया कि कविता पाटीदार का बीना सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में आना हुआ जिसके साथ उनका हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में वैभव दुबे के निवास पर स्वागत किया गया। जिसमें विजय हुरकट, राजेंद्र दुबे, सोनाली राय, नीतू राय, साधना चौरसिया, भारती राय, सुनीता राय, नेहा दुबे सहित बड़ी संख्या में युवा साथियों ने स्वागत किया।

## दो बाइको की आमने सामने की भीषण भिड़त, दोनो चालको की दर्दनाक मौत

**गौरझामर, देशबन्धु।** गौरझामर थाना अंतर्गत ग्राम बरकोटी स्टेण्ड के पास दो बाइक की आमने सामने की हुई भीषण टक्कर में हुए इस दर्दनाक हादसे में एक की मौत मोके पर ही हो गई। जबकि दूसरे बाइक सवार की हालत अत्यंत गंभीर होने पर तुरंत उपचार हेतु अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक आदिवासी महका पिपरिया की मौके पर मौत हो गई वही बरकोटी स्टैंड निवासी पटेल कुचबंदिया की हालत गंभीर होने पर उसे एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया था, मृतक अपनी लड़की को ससुराल छोड़ने बिलहरा जा रहा था। इस दौरान गौरझामर थाना अंतर्गत एनएच 44 बरकोटी के पास गलत साइड से आ रही बाइक से आमने सामने से टकरा गई। हादसे में महिला को मामूली चोट आई है।

## बीटीआईआरटी में स्मार्ट इंडिया हैकाथोन 2023 का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड अंचल के प्रख्यात इंजी. एवं प्रबंधन संस्थान सिरोंजा स्थित बीटीआईआरटी कॉलेज में स्मार्ट इंडिया इंटरनल हैकाथोन 2023 का आयोजन को किया गया। जिसमें सागर इनक्यूवेशन सेंटर के प्रोजेक्ट मैनेजर कन्हैया रैकवार, महिला स्टार्टअप सेल से सोनू ठाकुर एवं स्टार्टअप कन्सलटेंट राहुल पाठक ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में संस्था की 10 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रत्येक टीम में 6 छात्र-छात्रायें शामिल थे। सभी टीमों ने स्मार्ट इंडिया की प्रोब्लमस पर पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से अपना-अपना सुझाव एवं समाधान प्रस्तुत किया। सेकेंड रनरअप विंड विसपर टीम रही जिसमें ये विद्यार्थी शामिल थे गोकुल कुर्मी, आस्था ठाकुर, मुस्कान श्रोती, आगम जैन, शुभम शर्मा, सत्येन्द्र। फर्स्ट रनरअप कॉरटेक्स एक्सपर्ट टीम जिसमें की सायमा अहमद, मोहम्मद खालिद, यश साहू, त्रिवेन्द्र सेन, अनीषा चौरसिया, अबुल बसर शामिल थे एवं प्रथम स्थान पर टीम सिक्स ऑन ड्यूटी रही जिसमें आशी श्रीवास्त्री, सलोनी मिश्रा, परमजीत सिंघा, डेलन रोहित अहिरवार, दीपक सेन, अमर कुशवाहा शामिल थे। कन्हैया कुमार ने विद्यार्थियों के नये-नये आइडिया की सराहना की साथ ही नये आइडिया पर काम करने के लिये बच्चों को प्रेरित किया एवं प्रजेंटशन की तकनीक का ज्ञान दिया। सागर के एक मात्र इंजीनियरिंग कॉलेज में इस तरह कार्यक्रम को आयोजित कराने के लिये कॉलेज मैनेजमेंट की सराहना की। मंच संचालन प्रो. गजेन्द्र परमार द्वारा किया गया। संस्था के डिप्लोमा विंग के प्राचार्य डॉ. सुजीत सिंह ने सभी अतिथिगणों का स्मृति चिन्ह द्वारा आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में संस्था के सचिव इंजी. सत्येन्द्र जैन ने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की। रजिस्ट्रार तरूण कुमार सिंह द्वारा महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को इस तरह के कार्यक्रम के लिये बधाई दी साथ ही आगे भी इस तरह के कार्यक्रम होते रहने की संभावनाये व्यक्त की। इस आयोजन में महाविद्यालय के सभी फैकल्टी मेम्बर की गरिमामय उपस्थिति रही।


## जिला खनिज न्यास निधि से 29 लाख की राशि स्वीकृत

**सागर, देशबन्धु।** जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास ने अपनी निधि से खुरई विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 29 लाख राशि की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। मंत्री भूपेंद्र सिंह के निर्देश पर न्यास के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस राशि से विभिन्न ग्रामों में प्राथमिक शालाओं के अतिरिक्त कक्ष, प्रशिक्षण कक्ष व बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य किए जाएंगे।

## विधानसभा निर्वाचन के संबंध में बैठके कल

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य की अध्यक्षता में 9 अक्टूबर को विधानसभा निर्चावन के संबंध में प्रशिक्षण बैठकें कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। प्रथम बैठक एमसीएमसी कमेटी/एमसीएमसी टीम के साथ प्रातः 11 बजे, द्वितीय बैठक प्रिटिंग प्रेस संचलकों के साथ दोपहर 12 बजे एवं तृतीय बैठक सिनेमा संचालक, केबल टीवी संचालक के साथ दोपहर 1 बजे आयोजित की जाएगी।

## छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर चित्रकला कार्यशाला आज






**सागर, देशबन्धु।** छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा हिन्दवी स्वराज के 350 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं इस सन्दर्भ में चित्रकला कार्यशाला का आयोजन आज वात्सल्य स्कूल में किया जायेगा। भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अर्पित पाण्डेय ने इस सन्दर्भ में बताया कि इस कार्यशाला में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन के बाल शिवाजी, युवा शिवाजी, रोहिणेश्वर की शपथ, शिवाजी और माता जीजाबाई, शिवाजी जनता का राजा, हिन्दवी स्वराज की नौसेना राज दरवारएसाथी योद्धा, अस्ट प्रधान मण्डल जैसे जीवनी पर चित्रकला कार्यशाला वात्सल्य स्कूल में प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी, जिसमे किसी भी उम्र के स्कूल कॉलेज विद्यार्थी एवं कलाकार भाग ले सकेंगे। कार्यशाला के बाद अतिथियों एवं समिति के सदस्यो द्वारा कलाकारों को प्रमाण पत्र वितरित किये जाएंगे।

## नवागत उप पुलिस महानिरीक्षक ने किया पदभार ग्रहण



**सागर, देशबन्धु।** नवागत डीआईजी सागर रेंज सागर सुनील कुमार जैन का स्थानांतरण मप्र शासन भोपाल द्वारा डीआईजी पुलिस मुख्यालय भोपाल से डीआईजी सागर रेंज सागर होने पर श्री जैन ने शनिवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री जैन सागर से पूर्व से ही भली भांति परिचित हैं श्री जैन पूर्व में सेनानी 10 वीं वाहिनी विसबल सागर में पदस्थ रहे हैं।

## बटालियन एनसीसी कैंप का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 13 तक





**सागर, देशबन्धु।** 11 एमपी बटालियन एनसीसी के कैम्प कमान्डेट कर्नल अरुण बलहारा के निर्देशन में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एक्सव्ही में 13 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें सागर दमोह, रीवा, कटनी एवं छतरपुर जिले के लगभग 400 एनसीसी कैडेट भाग ले रहे हैं। उक्त शिविर में स्टाफ एवं एनसीसी अधिकारियों द्वारा कैडेटों को ट्रेनिंग फायरिंग, ड्रिल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैंप के ओपनिंग एड्रेस के दौरान कैम्प कमान्डेट कर्नल अरुण बलहारा द्वारा कैडेटों को सम्बंधित किया। जिसमें उन्हें एनसीसी गतिविधियों में आगे आकर भाग लेने एवं अपनी और अपने आस-पास की साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की समझाइश दी गई तथा सामाजिक गतिविधियों में समाज के उत्थान हेतु बढ चढ कर भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।





स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।